**ज्ञानामृत**

जो स्वयं संयमित व नियंत्रित है उसे, व्यर्थ में और अधिक नियंत्रित नहीं करना चाहिये, जो अभी अनियंत्रित है, उसी को नियंत्रित किया जाना चाहिए।

▸▸ अथर्ववेद


राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, मंगलवार, 08 जुलाई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 184 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-


### छत्तीसगढ़ में बिलासपुर-कोरबा जलमग्न, रायपुर-दुर्ग समेत 9 जिलों में रेड अलर्ट

# आफतभरी बारिश



बिलासपुर में कई कॉलोनियां जलमग्न

**छत्तीसगढ़ में मानसून पूरी रफ्तार में है। बीते तीन दिनों से जारी लगातार बारिश ने राज्य के अधिकांश हिस्सों को प्रभावित किया है। कहीं कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं तो कहीं पुल और रास्ते बह गए हैं। बिलासपुर और कोरबा जैसे जिलों में हालात गंभीर हैं, जहां बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। वहीं राजनांदगांव जैसे ज़िले अब भी बारिश के लिए तरस रहे हैं, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग ने मध्य छत्तीसगढ़ के 9 ज़िलों में रेड अलर्ट जारी किया है और अगले 48 घंटे संवेदनशील बताए हैं। किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने सरकार एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।**

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ में मानसून अब पूरी ताक़त से सक्रिय हो गया है। बीते तीन दिनों से जारी रुक-रुककर मूसलाधार बारिश ने मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ को प्रभावित कर दिया है। बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा में कई कॉलोनियां पानी में डूब गई हैं, वहीं राजनांदगांव में अब भी मानसून की बेरुखी बनी हुई है।

बिलासपुर में रविवार को दिनभर हुई बारिश ने शहर के निचले इलाकों को तालाब में बदल दिया। पुराना बस स्टैंड, मिशन अस्पताल रोड, सरकंडा, श्रीकांत वर्मा मार्ग, व्यापार विहार, उसलापुर, मोपका समेत कई कॉलोनियों में 1-3 फीट तक पानी भर गया। अरपा नदी उफान पर है और उससे सटे क्षेत्रों में घरों में पानी घुस गया है। सरकंडा, सिरगिट्टी और चुचुहियापारा जैसे इलाकों में स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्रशासन के पूर्व जल निकासी दावों के बावजूद जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त है।

### मध्य छत्तीसगढ़ में रेट अलर्ट

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 से 48 घंटे मध्य छत्तीसगढ़ के लिए बेहद संवेदनशील हो सकते हैं। रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, बालोद, बेमेतरा और कबीरधाम जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, बिलासपुर और बस्तर संभाग के लिए येलो अलर्ट है। प्रदेश में 1 जून से 7 जुलाई तक औसतन 243.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। जहां बीजापुर में सर्वाधिक 382 मिमी तो बेमेतरा में सबसे कम 81.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### कोरबाः बाढ़ में फंसे 17 ग्रामीणों का रेस्क्यू

दुकुपथरा और लब्दापारा गांव के 17 ग्रामीण रविवार शाम खेत से लौटते वक्त अचानक आई बाढ़ में फंस गए। इनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी थे। राहत की बात यह रही कि प्रशासन और स्थानीय युवाओं के प्रयास से सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया।



तस्वीर मनेंद्रगढ़ के अमृतधारा की है। भारी बारिश के बाद यहां बाढ़ की स्थिति है।

### राजनांदगांवः अब तक 60% कम बारिश

जहां एक ओर अधिकांश जिलों में जलभराव की स्थिति है, वहीं राजनांदगांव जिले में अभी तक केवल 94 मिमी वर्षा हुई है, जो औसत से 60% कम है। खरीफ फसल की बुवाई केवल 55% क्षेत्रों में ही हो पाई है। हाल ही में हुई हल्की बारिश से किसानों को थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन हालात अब भी गंभीर हैं।

### गरियाबंदः खेतों में भर गया पानी

राजिम और फिंगेश्वर क्षेत्र में लगातार बारिश से खेतों में पानी भर गया है। कई गांवों में आवागमन भी प्रभावित हुआ है। गरियाबंद के अलावा रायपुर, दुर्ग, धमतरी, बेमेतरा, बालोद में भी मध्यम से भारी बारिश जारी है।

### जांजगीर-चांपाः हालात चिंताजनक

जांजगीर-चांपा जिले में हालात चिंताजनक बने हुए हैं। लोग बच्चों को लेकर उफनती नदियों को पार करने को मजबूर हैं। इससे संभावित दुर्घटनाओं का ख़तरा बना हुआ है।

### सरगुजाः डूबी पॉश कॉलोनियां

सरगुजा संभाग में भी तेज़ बारिश का असर देखा गया। अंबिकापुर के कुंडला सिटी, पुराना बस स्टैंड, तोरवा, हंसा विहार जैसे इलाकों में कई कारें आधी डूब गईं, घरों में पानी भर गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात की बारिश के बाद घरों तक पानी घुसने का डर और बढ़ गया है।

### बलरामपुरः पुल बहा, गांवों का संपर्क टूटा

बलरामपुर के गेरांव स्थित बांस झर्रा में पुल बहने से बड़मार क्षेत्र का संपर्क कई गांव से कट गया। मार्ग पर आना जाना बंद हो गया है। इलाके में लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। छत्तीसगढ़ में बारिश की बात करें तो 1 जून से अब तक 243.4 मिमी औसत बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## देशभर में बारिश का असरः हिमाचल से उत्तरप्रदेश तक जनजीवन प्रभावित

मध्यप्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और उत्तरप्रदेश के भी कई हिस्सों में बारिश से हालात बिगड़े हैं। गुजरात के नवसारी में पूर्णा नदी उफान पर है। शहर के 15 से ज्यादा निचले इलाकों में 3-4 फीट पानी है। हजारों घरों में पानी भरा है। लोगों का जरूरत का सारा सामान पानी से खराब हुआ। वहीं उत्तराखंड के उत्तरकाशी में तेज बारिश के कारण यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी इलाके का पुल नदी में बह गया। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। छत्तीसगढ़ में पिछले 3 दिनों से जोरदार बारिश हो रही है। बिलासपुर में कई इलाके डूबे हैं। कोरबा जिले में रविवार शाम 17 लोग बाढ़ में फंस गए थे। आज सुबह तक सभी को बचाया गया। राजस्थान के 20 से ज्यादा जिलों बारिश जारी है। दौसा में दीवार ढहने से महिला की मौत हुई। झुंझुनूं में बाघोली नदी के तेज बहाव के कारण नेशनल हाईवे-52 को जोड़ने वाली सड़क धंस गई। वहीं, यूपी के नोएडा में तेज बारिश के कारण निचले इलाकों के घरों में 2 फीट पानी भर गया। बिजनौर में बारिश के कारण स्कूलों की छुट्टी की गई। अयोध्या में सरयू नदी ने वॉर्निंग लेवल पार कर 91.96 मीटर पर बह रही है। हिमाचल प्रदेश में 20 जून से 6 जुलाई के बीच बादल फटने की 19 घटनाएं हुईं। 23 बार बाढ़ और 19 बार लैंडस्लाइड हुए। 269 सड़कें बंद हैं। बारिश से जुड़े हादसों में अब तक 82 लोगों की जान जा चुकी है।



काशी में गंगा उफान पर, कई घाट डूबे

### मैनपाट में भाजपा की सांसद-विधायक प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला प्रारंभ

# विचार, मूल्य और सेवा का एक समर्पित आंदोलन है भारतीय जनता पार्टीः नड्डा



**विजय मत, रायपुर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा जी ने आज सोमवार को छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के कमलेश्वरपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक पेड़ लगाया और उसके बाद छत्तीसगढ़ भाजपा के सांसदों एवं विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश भाजपा प्रभारी नितिन नबीन, राष्ट्रीय संगठक वी सतीश, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा सहित प्रदेश भाजपा के सभी सांसद, विधायक एवं वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने न केवल सामाजिक जागरूकता को बल दिया, बल्कि पार्टी के सांसदों और विधायकों को आगामी कार्ययोजनाओं के लिए दिशा-निर्देश भी प्रदान किया। उन्होंने पार्टी की विचारधारा, संगठन की भूमिका, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि विचार, मूल्य और सेवा का एक समर्पित आंदोलन है। नड्डा ने सांसदों और विधायकों को संगठन के साथ अधिक तालमेल बैठाकर जमीनी स्तर पर काम करने की सलाह दी।

इस अवसर बूथ स्तर पर पार्टी की उपस्थिति मजबूत करने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, और विपक्ष के दुष्प्रचार का तथ्यपूर्ण जवाब देने की रणनीति पर भी गहन चर्चा हुई। नड्डा ने कहा कि प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं है, यह नेतृत्व को तैयार करने, संगठन को सशक्त बनाने और कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने का माध्यम है। उन्होंने पार्टी के सभी सांसों एवं विधायकों से आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार के विकास कार्यो एवं इनिशिएटिव को छत्तीसगढ़ के गांव-गांव, घर-घर पहुंचाने की अपील की। प्रशिक्षण वर्ग उद्घाटन से पहले मैनपाट बायोडायवर्सिटी उद्यान सभी सांसद विधायक में मंत्री गणों ने सिंदूर, रुद्राक्ष, आम व विभिन्न प्रजाति के एक-एक पेड़ मां के नाम से लगाये। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन प्रशिक्षण की प्रस्तावना व भूमिका भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने रखी।

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने मंच पर किया संविधान पाठ

**विजय मत, रायपुर**



छत्तीसगढ़ के साइंस कॉलेज में आयोजित कांग्रेस की किसान जवान संविधान रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को छत्तीसगढ़ कांग्रेस को बहुत कुछ मंच से सिखाया। हालांकि भारतीय जनता पार्टी को संविधान पढ़ कर सुनाया भी। संभव है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा को संविधान पढ़कर सुनाया हो। जिस संविधान को बचाने के लिए रायपुर के साइंस कालेज मैदान में मल्लिकार्जुन खड़गे पहुंचे थे, उसमें कांग्रेस के संविधान के साथ जो चीज चर्चा में आई वह देश में मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में खड़ी हो रही कांग्रेस का एक नए अध्याय के रुप में देखा जा सकता है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छत्तीसगढ़ के लोगों का धन्यवाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ से मेरा एक खास रिश्ता है। रायपुर में मेरी अध्यक्षता के लिए फरवरी 2023 में कांग्रेस महा अधिवेशन हुआ था। जिसमें 15000 प्रतिनिधियों ने मेरे चयन पर मुहर लगाई थी। यही वजह है कि मैं कांग्रेस में इतने समय से अध्यक्ष की कुर्सी पर हूं। खड़गे ने कहा कि नहीं तो इतने लंबे समय तक मैं कांग्रेस की कुर्सी पर नहीं रह पाता। यह बात पहली बार मंच से जानकारी के रुप में कांग्रेस अध्यक्ष ने दी।

### अब ब्रिक्स देशों को अमेरिका की धमकी पर चीन ने किया पलटवार

## यूएस विरोधी नीतियों का समर्थन करने पर 10 अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगेः ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ब्राजील में चल रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को बड़ी चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर ब्रिक्स देश अमेरिका विरोधी नीति का समर्थन करते हैं तो उन पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों से जुड़ने वाले किसी भी देश पर 10 अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इस नीति में कोई अपवाद नहीं होगा। इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद! इसके बाद ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि दुनिया भर के विभिन्न देशों के साथ अमेरिका के टैरिफ पत्र और समझौते सोमवार सात जुलाई को स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से वितरित किए जाएंगे।



## टैरिफ से किसी को लाभ नहीं होता, यह देशों पर दबाव बनाने की कोशिशः चीन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिक्स देशों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने की ट्रंप की धमकी की चीन ने निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि टैरिफ से किसी को लाभ नहीं होता है। यह बस दूसरे देशों पर दबाव बनाने की कोशिश है। ब्राजील में चल रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल देशों ने ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमलों और टैरिफ को लेकर अमेरिका की निंदा की थी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका विरोधी नीति का समर्थन करने वाले देशों को 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसे लेकर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टैरिफ के इस्तेमाल से किसी को भी लाभ नहीं होता है।



# आतंक का अंत, बस्तर में विकास का नया अध्याय



**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, घने वन क्षेत्र और विविध जनजातीय समुदायों के लिए जाना जाता है, लंबे समय से नक्सलवाद की चुनौती से जूझता रहा है। बस्तर के विकास में बाधक रहे नक्सलवाद के अब यहां से नक्सल उन्मूलन की अंतिम लड़ाई जारी है। बस्तर संभाग अपनी कला एवं संस्कृति के लिए विशिष्ट पहचान रखता है अकेले बस्तर संभाग में ही हल्बी, गोड़ी, भतरी दोलरी जैसे पारंपरिक बोली, बोली जाती है। वर्षो से अशांत रहे बस्तर अंचल में ढोल और मांदर की थाप अब फिर से सुनाई देने लगेगी। मार्च 2026 तक बस्तर को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प छत्तीसगढ़ सरकार ने लिया है। सटीक रणनीति के साथ यहां आतंक के खात्मे और सामाजिक-आर्थिक विकास के काम हो रहे हैं। बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों में जिस तरह लोगों ने भागीदारी की वो इस बात का प्रमाण है की बस्तर में अब शांति स्थापित हो रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मानना है कि ''लाल आतंक के खात्मे के लिए नक्सलियों के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई जोर शोर से जारी है। इसका परिणाम है कि नक्सलियों की कमर अब टूट गई है। प्रदेश से जब तक नक्सली हिंसा और उग्रवाद का अंत नहीं हो जाता हम चुप नहीं बैंठेंगे।'' केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 जून 2025 को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए थे इस दौरान उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में आराम करने वाले नक्सली इस बरसात में चैन की नींद नहीं सो पाएंगे। सुरक्षा बलों द्वारा नक्सल ऑपरेशन जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों के वीर जवान कठिन चुनौतियों और दुर्गम परिस्थितियों के बावजूद नक्सलवाद के खात्मे के अभियान को ऐतिहासिक सफलता की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों का अद्वितीय साहस और बलिदान न केवल हमारे जवानों की कर्तव्यनिष्ठा को प्रदर्शित करता है, बल्कि पूरे देश को एक सकारात्मक संदेश भी देता है कि हमारा देश अब नक्सलवाद की बेड़ियों से मुक्त होने की ओर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ में बीते 21 मई 2025 को माओवादी सरगना बसव राजू के साथ अबूझमाड़ के जंगल में 26 नक्सलियों को सुरक्षा बल के जवानों के हाथों मारे जाने से नक्सलवाद की कमर टूटी है। इस पर सवा 3 करोड़ का ईनाम घोषित था। तीन दशकों में पहली बार हुआ है कि जनरल सेक्रेटरी रैंक का कोई माओवादी न्यूट्रलाइज किया गया। यह असाधरण कामयाबी है और इस बात का स्पष्ट संकेत है कि नक्सल के ताबूत में हमने अंतिम कील जड़ दिया है। इसके अलावा शीर्ष ईनामी नक्सली लक्ष्मी नरसिम्हा चालम उर्फ सुधाकर भी 05 जून 2025 को नेशनल पार्क एरिया में पुलिस मुठभेड़ में ढेर किया गया, इस पर 1 करोड़ का ईनाम था। नियद नेल्ला नार (आपका अच्छा गांव) योजना नक्सल प्रभावित इलाकों में गेम चेन्जर्स साबित हो रही है। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित नए कैम्पों के आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों एवं ग्रामीणों को 17 विभागों की 59 हितग्राहीमूलक योजनाओं और 28 सामुदायिक सुविधाओं के तहत आवास, अस्पताल, पानी, बिजली, पुल-पुलिया, स्कूल इत्यादि मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण मिलेगा। प्रदेश में पिछले डेढ़ साल के भीतर सुरक्षाबलों ने अपनी बहादुरी से 438 नक्सलियों को मार गिराया है। साथ ही 1515 नक्सलियों को गिरफ्तार किया और 1476 नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने पर विवश किया है। नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारे सुरक्षा बल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन कैंपों के माध्यम से हमारी सरकार अंदरूनी गांवों तक सुरक्षा के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की पहुंच भी सुनिश्चित करने में सफल हो रहे हैं।

## सार समाचार

### संयुक्त जिला कार्यालय में किया ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन का शुभारंभ

**बालोद/विजय मत।** राज्य शासन के निदेर्शानुसार बालोद जिले में सभी शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष से इसका विधिवत शुभारंभ किया। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि ई-ऑफिस से न केवल कार्यों में पारदर्शिता आएगी, बल्कि समयबद्धता और दक्षता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि शासन की मंशानुरूप समस्त विभागों में कार्यप्रणाली को डिजिटल और सुगम बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म पर दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग एवं प्रसंस्करण, कार्यों में पारदर्शिता और कुशलता, समय की बचत एवं प्रक्रिया की गति में सुधार, कर्मचारियों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग स्थापित करना है।

### शहीद रितेश वैष्णव की स्मृति में विविध कार्यक्रमों का आयोजन 12 जुलाई को

**बालोद/विजय मत।** डौंडीलोहारा ब्लाक के नर्मदाधाम सुरसुली मे 12 जुलाई दिन शनिवार ग्राम सुरसुली में शहीद रितेश वैष्णव की पुण्यस्मृति में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संकल्प जन सेवा समिति के अध्यक्ष भरत देवांगन ने बताया इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, खेलकूद प्रतियोगिता, वृक्षारोपण एवं सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन संकल्प जन सेवा समिति एवं ग्राम सुरसुली, देवरी, मार्री और नाहदा के समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य शहीद रितेश वैष्णव के बलिदान को स्मरण करते हुए समाज में जनसेवा, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँ इस प्रकार रहेंगी। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर (विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति में) रक्तदान शिविर, विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएँ (सभी वर्ग के लिए), वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम, शहीद सम्मान समारोह (ग्राम के विशिष्ट नागरिकों व परिवारजनों का सम्मान) इस आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, युवाओं एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति अपेक्षित है। समिति ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करें और समाजसेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागिता बने।

### महर्षि मुक्त आश्रम हथौद में हुई गुरु पूर्णिमा मनाने न्यास की बैठक में चर्चा

**बालोद/विजय मत।** गुरु नैस्टिक महर्षि मुक्त साधकों की तप एवं तीर्थ स्थली महर्षि मुक्त आश्रम हथौद में महर्षि मुक्त लोक सेवा न्यास की बैठक लुधियाना से पधारी गुरु नैस्टिक दीदी योगमाया भूटानीजी और उनके सुपुत्र कनाडा निवासी कपिल भूटानी तथा अंगों महाराष्ट्र से पधारी दीदी सरस्वती चंद्रवंशी के सानिध्य में न्यास के अध्यक्ष गोविंद राम साहू के अगुवाई में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ब्रम्हलीन वेदान्त केशरी स्वामी आत्मा राम कुम्भजजी के कृपा पात्र शिष्य प्रसिद्ध नाडी वैद्य गव्य सिद्ध डॉक्टर पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने किया। बैठक में प्रतिवषार्नुसर गुरुपूर्णिमा मानने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सुबह 9 बजे गुरु पादुका पूजन, सुबह 9:30 बजे गुरु महिमा पर प्रवचन मानस कोकिला माता गिरिजा देवी शर्मा कुसुमकसा (बालोद), 11:30 बजे से प्रवचन स्वामी सत्यानंद झंडापुर (उप्र), 1:30 से 2:30 गुरु भक्तों के अनुभव सह गुरु भजन, दोपहर 2:30 बजे गुरु आरती के बाद महाप्रसादी और समापन होगी।

### निजी अस्पताल व स्कूल-कॉलेजों में मनमानी फीस से जनता त्रस्त

**राजनांदगांव/विजय मत।** शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने जारी बयान में कहा है कि युक्तियुक्त कारण योजना के नाम पर 4000 विद्यालय बंद हो चुके हैं। वहीं 741 नई शराब दुकानें खोली जा रही है। प्रदेश में भाजपा सरकार शिक्षा से ज्यादा शराब को महत्व दे रही है। कन्नौजे ने कहा कि शहर में अनेक निजी अस्पताल व स्कूल-कॉलेजों में मनमानी फीस लिए जाने से जनता में घोर नाराजगी है। शासन-प्रशासन ने इन्हें अनाप-शनाप फीस लेने की खुली छूट दे रखी है। इससे अब सत्तासीन भाजपा का जनाधार घटता दिखाई दे रहा है। राजनांदगांव शहर के प्रायवेट अस्पतालों में इलाज के नाम पर अनाप-शनाप वसूली को लेकर आंदोलन तक हो चुके हैं। गलत इलाज से मरीजों की जान तक जा चुकी है। यह बात अलग है कि बाद में आपस में समझौता हो गया। स्कूलों में अनाप-शनाप वसूली को लेकर पालक संघ कलेक्टर से भी शिकायत कर चुका है।

---

घायलों की मदद कर जान बचाने वाले 5 जागरूक नागरिकों का एसपी ने किया सम्मान

# सड़क हादसों में मानवता की मिसाल बने गुड सेमेरिटन हुए सम्मानित

**विजय मत, धमतरी**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय धमतरी में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद कर सराहनीय मानवता का परिचय देने वाले 5 गुड सेमेरिटन नागरिकों को पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार ने सम्मानित कर प्रोत्साहित किया।

ये सभी नागरिक दुर्घटनास्थल पर न सिर्फ घायलों की मदद के लिए तत्पर हुए, बल्कि त्वरित सूचना देकर हाईवे पेट्रोलिंग एवं एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित नागरिकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नागरिक समाज में मानवता और जागरूकता का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। इनकी तत्परता से कई बार बहुमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। समाज के हर व्यक्ति को ऐसे उदाहरणों से प्रेरणा लेनी चाहिए। टिकेश्वर साहू, पिता तेजराम साहू, उम्र 26 वर्ष, निवासी पीपरछेड़ी, थाना भखारा, 06.12.2024, ग्राम भखारा गेट के पास ट्रक एवं पिकअप की टक्कर से घायल हुए तीन लोगों को हाईवे पेट्रोलिंग और एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

राज किरण सेन, पिता खिलेश सेन, उम्र 30 वर्ष, निवासी अछोटा, थाना अजुर्नी, 23.04.2025, फ्लड ऑफिस के पास नशे में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को देखकर हाईवे



पेट्रोलिंग को सूचित कर घायल को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। ओम चक्रधारी, पिता दयालु राम चक्रधारी, उम्र 32 वर्ष, निवासी सिलीडीह, 06.01.2025, ग्राम सिलीडीह के पास कार द्वारा मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मारने पर घायल 3 व्यक्तियों की मदद की और 108 एम्बुलेंस व पुलिस को सूचित कर अस्पताल भिजवाया।

थानूराम साहू, पिता श्यामलाल साहू, उम्र 35 वर्ष, निवासी भठेली, थाना भखारा,, 04.01.2025, भखारा बस स्टैंड के पास स्वयं दुर्घटनाग्रस्त ट्रक चालक की मदद कर तत्काल 108 एम्बुलेंस को बुलाकर अस्पताल भेजा। राजू राजपूत, पिता तानाजी राजपूत, उम्र 43 वर्ष, निवासी इंद्रा नगर कुरुद, 11.05.2025, ग्राम डांडेसरा के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में घायल हुए 3 लोगों को सड़क से हटाकर पानी पिलाया और हाईवे पेट्रोलिंग की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

# शिक्षिका ने खोया आपा: टीचर के थप्पड़ से 7 वीं क्लास के छात्र का कान फटा

**विजय मत, डोंगरगढ़**

नगर के खालसा पब्लिक स्कूल की एक शिक्षिका ने एक 7वीं में पढने वाले 13 वर्षीय छात्र सार्थक सहारे के गाल पर ऐसा तमाचा जड़ा कि उसके कान का पर्दा फट गया। बच्चे का इलाज राजनांदगांव के निजी अस्पताल में चल रहा है। स्कूल प्रबंधन ने अब तक दोषी शिक्षिका पर कोई एक्शन नहीं लिया है। घटना चार दिन पहले की बताई जा रही है। शिक्षिका प्रियंका सिंह ने कक्षा सातवीं के छात्र सार्थक सहारे को मामूली बात पर जोरदार चार तमाचा जड़ दिए। सार्थक जब घर पहुंचा तो उसने पिता को बताया कि उसे कम सुनाई दे रहा है। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने बताया कि गाल पर जोरदार तमाचा मारने से यह हुआ है। छात्र ने बताया कि बैग से कॉपी निकालने में देरी होने



### स्कूल प्रबंधन ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया

पर शिक्षिका भडकीं और तमाचे जड़े। छात्र के कान में दर्द उठने के साथ ही कम सुनाई देने लगा है। छात्र के स्वजन ने बताया कि वह रेलवे का कर्मचारी है। 13 वर्षीय छात्र सार्थक ने इस घटना की जानकारी हमें नहीं दी थी। बस कान में दर्द को लेकर शिकायत कर रहा था। गुरुवार को बम्लेश्वरी अस्पताल में इलाज करवाया। वहां सब बातें सामने आईं। इसके बाद अच्छे इलाज के लिए निजी अस्पताल का रुख किया है। स्पेशलिस्ट डाक्टर ने अभी उसे निगरानी में रखा है। स्कूल प्रबंधन के सामने पूरी घटनाक्रम को सामने लाया गया है। प्रबंधन ने विश्वास दिलाया है कि शिक्षिका के खिलाफ लिखित शिकायत करें, हम एक्शन लेंगे। सुधारक सहारे, पालक। पालक के माध्यम से शिक्षिका द्वारा गाल में थप्पड़ मारने की जानकारी मिली है। यदि गलती की है तो कार्रवाई की जाएगी। शिक्षकों को निर्देश भी दिए हैं कि बच्चों पर हाथ न उठाएं। यह भी जानकारी मिली है कि बच्चे को पहले से ही कम सुनाई दे रहा था, हल्की सर्दी भी थी। हरजीत सिंह अरोरा, प्रबंधक खालसा स्कूल समिति।

### शिकायत नहीं आई है

अभी तक इस संबंध में कोई शिकायत नहीं आई है। फिर भी मैं स्कूल प्रबंधन से इसके बारे में जानकारी लेती हूं। वीरेंद्र कौर गरचा, प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी।

# जिले में बिना एचएसआरपी नंबर के वाहनों पर चालानी कार्यवाही शुरू

देवभोग ब्लॉक में नम्बर प्लेट बनवाने 13 जुलाई तक लगेगी शिविर

**विजय मत, गरियाबंद**

जिले में परिवहन विभाग के द्वारा बिना एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट, हेलमेट के उपयोग को लेकर एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर सघन कार्यवाही की जा रही है। नम्बर प्लेट बनवाने पूर्व में भी विशेष शिविरों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया था। अब विभाग द्वारा बिना एचएसआरपी नम्बर प्लेट के वाहनों पर चालानी कार्यवाही शुरू हो गई है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार 01 अप्रैल 2019 के पूर्व के समस्त वाहनों में एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है, जिसके अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा देवभोग ब्लॉक में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 08 जुलाई मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन देवभोग में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 09 जुलाई बुधवार को पंचायत भवन कैंटपदर, 10 जुलाई गुरूवार को पंचायत भवन करचिंया, 11 जुलाई




शुक्रवार को पंचायत भवन बतराबहली में, 12 जुलाई शनिवार को पंचायत भवन मुंगझर में और 13 जुलाई रविवार को पंचायत भवन मोखागुड़ा में शिविर आयोजित किया जायेगा। जिसमें नागरिक उपस्थित होकर अपनी एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट लगवाने के संबंध में आवेदन कर सकते हैं। जिला स्तरीय हेल्पलाईन नंबर 9981329779 से संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट लगवाने हेतु वाहन की आर.सी. बुक, आधार कार्ड (छायाप्रति) एवं मोबाईल नंबर प्रस्तुत कर आवेदन भी किया जा सकता है।

# जरा सी चूक विकसित भारत बनने में होगी बाधक : योगेशदत्त मिश्रा




**विजय मत, राजनांदगांव**

भारतीय जन संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर 6 जुलाई को जिला भाजपा कार्यालय में उत्तर एवं दक्षिण मंडल भाजपा द्वारा संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत शामिल थे।संगोष्ठी में वक्ता के रूप में किसान नेता अशोक चौधरी, अशोकदित्य श्रीवास्तव, सुनील बाजपेई, पूर्णिमा साहू, शिव वर्मा ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करते उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण को विस्तार से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। मुख्य वक्ता श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने भारतीय जनसंघ की नीतियों और सिद्धांतों को विस्तार से बताते कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पं. दीनदयाल उपाध्याय, वीर सावरकर, डॉ आंबेडकर और देश के ऐसे कई लोगों ने मिलकर देशहित में एक विचारधारा का निर्माण किया।

इसके अनुसार देश के लिए मरने, मिटने हुए देशभक्ति के जज्बे को लेकर वे निकल पड़े।उन्होंने कहा कि उद्योग मंत्री जैसे पद को त्याग कर डॉ. मुखर्जी ने विचारधारा के साथ समझौता नहीं किया और विपरीत परिस्थितियों का सामना करते कठोर यातनाएं भी सही, परंतु देश के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि भारत विभाजन के समय पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री डॉ. शुभ्रावर्दी थे, जो बाद में पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति भी बने। कांग्रेस के लोगों के साथ उन्होंने षड्यंत्र कर बंगाल को पाक मिलने की साजिश रची। परंतु डॉ. मुखर्जी ने इसका पुरजोर विरोध किया और बंगाल को पाकिस्तान जाने से रोका।

# गृह मंत्री के बंगले पहुंचे शमसूल, अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने सौंपा ज्ञापन

**विजय मत, राजनांदगांव**

छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून व्यवस्था और बढ़ते नशे के कारोबार पर लगाम लगाने की मांग को लेकर अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसूल आलम और दुर्ग संभाग अध्यक्ष अनुरुद्ध वर्मा ने रायपुर स्थित गृह मंत्री विजय शर्मा के सिविल लाइन बंगले पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में राजधानी से लेकर जिलों तक अवैध शराब, गांजा, जुआ-सट्टा, चाकूबाजी और आपराधिक घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

शमसूल आलम ने कहा कि राजनांदगांव जैसे संस्कारधानी शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और लूटपाट व मारपीट आम हो गई है। उन्होंने



आरोप लगाया कि आबकारी विभाग के भ्रष्ट अफसरों को प्रमोशन देकर जिम्मेदार पदों पर बैठाया गया है, जो अवैध शराब के कारोबार को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने अभिरंजन नामक अधिकारी को हटाने की मांग की।वहीं दुर्ग संभाग अध्यक्ष अनुरुद्ध वर्मा ने कहा कि महादेव सट्टा एप ने युवाओं को बबार्दी की राह पर ला खड़ा किया है। डोंगरगढ़ जैसे धार्मिक स्थल पर भी खुलेआम सट्टा लिखा जा रहा है, जिससे छात्र तक इसकी चपेट में आ चुके हैं। उन्होंने सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि राज्य सरकार निगम और विभागीय कर्मचारियों का रोका गया वेतन तुरंत जारी करे, जिससे वे आर्थिक तंगी से उबर सकें। साथ ही राजधानी रायपुर में देर रात तक चल रहे क्लब और बार को समय से बंद कराने और युवतियों द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। गृह मंत्री की अनुपस्थिति में मौजूद अधिकारियों ने ज्ञापन लिया और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

32.150 टीएमसी क्षमता वाले बांध में हुआ 16.882 टीएमसी जल भराव

# गंगरेल बांध में हो रही 18455 क्यूसेक पानी की आवक, तीन दिनो में पहुंचा 4 टीएमसी पानी

**विजय मत, धमतरी**

प्रदेश की जीवनदायनी महानदी पर बने गंगरेल बांध में अब अच्छी बारिश के चलते पानी की आवक शुरू हो चुकी है। जिससे बांधो में जल भराव की स्थिति में सुधार होने लगा है। ज्ञात हो कि प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े बांध गंगरेल की क्षमता 32.150 टीएमसी है। 3 जुलाई की स्थिति में बांध में मात्र 7.665 टीएमसी उपयोगी पानी ही शेष था। जो कि तीन दिनो में आवक होने से बढ़कर 11.811 टीएमसी हो गया है। इसलिए मात्र 3 दिनो में ही बांध में



4 टीएमसी से ज्यादा पानी की आवक हुई है। बांध की स्थिति को देखते हुए इस मानसून बांध को लबालब होने के लिए अच्छी बारिश की आवश्यकता थी। अब तक पर्याप्त हुई है। गंगरेल बांध कंट्रोल रुम से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे की स्थिति में बांध में पानी की आवक 18455 क्यूसेक रही। जबकि बांध से प्रतिसेंकड 400 क्यूसेक पानी एचआर केनाल में भिलाई के लिए छोड़ा जा रहा है। बांध में कुल पानी 16.882 टीएमसी है। जिसमें उपयोग पानी 11.811 टीएमसी है। बांध में वाटर लेवल 342.23 मीटर है। आज बांध के कैचमेंट एरिया में 36 मिलीलीटर वर्षा दर्ज की गई है।कल सुबह 10 हो रही थी अब तक की अधिकतम 35 हजार क्यूसेक पानी की आवक बता दे कि गंगरेल बांध के कैचमेंट एरिया में लगातार वर्षा हो रही है।

# फेडरेशन ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**विजय मत, राजनांदगांव**

कवर्धा जिले के प्रशासनिक व्यवस्था में एक विवादस्पद घटनाक्रम सामने आया है जिसमें कर्मचारियों और अधिकारियों के आत्म सम्मान को झकछोर कर रख दिया है छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव ने कवर्धा कलेक्टर की कथित अनुचित व्यवहार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया है फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल के जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे जिला महासचिव पी आर झाड़े के नेतृत्व में जिला कार्यालय राजनांदगांव पहुंचकर जिला कलेक्टर राजनांदगांव को मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में कवर्धा कलेक्टर द्वारा कर्मचारियों को कान पकड़वाने की घटना को सिविल सेवा आचरण नियम और मानवाधिकार के विरुद्ध बताया गया है तथा संबंधित

### कान पकड़वाने की घटना को बताया नियम विरुद्ध



अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है। फेडरेशन के पदाधिकारीयों के अनुसार 3 जुलाई को जिला पंचायत और समग्र शिक्षा कार्यालय कवर्धा में निरीक्षण के दौरान बारिश के चलते कुछ मिनट देर से पहुंचे कर्मचारियों को कवर्धा कलेक्टर द्वारा सार्वजनिक रूप से कान पकड़वाया गया। यह कृत्य कर्मचारियों के आत्म सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। फेडरेशन ने कहा कि विलंब पर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रावधान पहले से ही है। लेकिन इस तरह सार्वजनिक अपमान करना संविधान और सिविल सेवा नियमों का उल्लंघन है। कर्मचारियों को ईमानदारी से काम करने की अपील फेडरेशन के जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे एवं जिला महासचिव पी आर झाड़े ने सभी कर्मचारियों अधिकारियों से अपने पदीय दायित्वों का ईमानदारी से पालन करने और समय पर कार्यालय पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा है कि हम जिम्मेदार पद पर है और समाज हमसे अनुशासन की अपेक्षा करता है लेकिन प्रशासन को भी कर्मचारियों के आत्म सम्मान का ध्यान रखना चाहिए ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे, जिला महासचिव पी आर झाड़े, के अलावा संतोष चौहान, अरुण देवांगन, महेश साहू, दिलीप बारले, आदर्श वासनिक, डैनी राम वर्मा, अमरीश प्रजापति, पुष्पेंद्र साहू, महेश ठाकुर, अश्वनी साहू, अभिषेक श्रीवास्तव, भोजराज बागसवार,गंभीर साहू एवं अन्य कर्मचारी अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर उइके ने किया पौधारोपण

**विजय मत, गरियाबंद**

जिले के सभी विकासखंडों के किसी एक स्थान पर ब्लाक प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। एक पेड़ मां के नाम के तहत आज गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम सढ़ौली में ब्लाक प्लान्टेशन किया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति की सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के फलदार एवं इमारती पौधों का रोपण किया गया। कलेक्टर श्री बी.एस उइके ने उन्नत किस्म के आम का पौधरोपण किया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। ब्लाक प्लान्टेशन के तहत 7 एकड़ क्षेत्र में लगभग 2500 से



अधिक पौधों का रोपण किया गया। इसी प्रकार अन्य विकासखण्डों में भी वृक्षारोपण किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि पौधे बड़े होकर कुपोषण से लड़ने में सहायक फलों का उत्पादन करेंगे। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर बी.एस. उइके ने लोगों को पौधों का महत्व बताते हुए कहा कि अपने घरों में भी वृक्षारोपण करें और ग्रामीणों से यह भी कहा कि ब्लाक प्लान्टेशन को सहजने की जवाबदारी ग्रामीणों की होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम श्रीमती ऋषा ठाकुर, डीपीओ अशोक पाण्डेय, उप संचालक समाज कल्याण डी.पी ठाकुर, उप संचालक ओ.पी. देशमुख, महाप्रबंधक उद्योग दीनबंधु ध्रुव, एलडीएम मो. मोफिज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी सुश्री रश्मि गुप्ता एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# हमारे देश की पहचान हमारे गांव से है: शिवरतन शर्मा

**विजय मत, भाटापारा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ रहा है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को साकार करते हुए हमारा प्रदेश सबका साथ, सबका विकास की भावना से नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उक्त बाते रविवार को विधानसभा के ग्राम सेम्हराडीह में रंगमंच निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियों को सम्बोधित कर कही- शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे देश की



पहचान हमारे गाँव से है, इसलिए हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास से लेकर कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। भाटापारा विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों को सम्मान और युवाओं को रोजगार के साथ हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। शर्मा ने कहा की ग्राम में बन रहा यह रंगमंच न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा, बल्कि ग्रामवासियों के लिए सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों का सशक्त मंच भी प्रदान करेगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल,मंडल अध्यक्ष मथुरा यदु, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष टोडर, संदीप वर्मा, कमल निर्मलकर, जोरावन, अमरनाथ वर्मा, लक्ष्मण ध्रुव, खूबचंद सेन, दुकल्हा यादव, बबलू वर्मा, मोतीलाल ध्रुव, अभिषेक शर्मा, रामकुमार वर्मा, संजय वर्मा, मनोहर वर्मा, ओमप्रकाश ध्रुव, विक्रम वर्मा, कमल रजक, बुधराम ध्रुव, विजय वर्मा सहित ग्राम के सरपंच, पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### यशवंत कुमार को सौंपा गया खेल-युवा कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर/विजय मत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर छत्तीसगढ़ शासन ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यशवंत कुमार (भा.प्र.से. 2007) को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस संबंध में आदेश 27 जून को भारत निर्वाचन आयोग के पत्र के आधार पर जारी किया गया।

हिमांशु गुप्ता को खेल विभाग से मुक्त किया गयाः यशवंत कुमार द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग का कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही, वर्तमान में इस विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हिमांशु गुप्ता (भा.प्र.से. 2007) को इस जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। हिमांशु गुप्ता वर्तमान में सचिव, श्रम विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार में गृह एवं जेल विभाग का कार्य देख रहे हैं। अब वे केवल इन विभागों तक सीमित रहेंगे।

### भारी बारिश के बीच आज के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

**रायपुर/विजय मत।** छत्तीसगढ़ में मानसून पूरी तरह सक्रीय हो चुका है। प्रदेश के कई इलाकों में पिछले चार-पांच दिनों से लगातार बारिश हो रही है। प्रदेश के 75 प्रतिशत हिस्सों में पिछले 15 दिनों में अच्छी बारिश दर्ज की गई है। राजधानी रायपुर समेत आस-पास के इलाकों में भी पिछले चार-पांच दिनों से झमाझम बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश से गर्मी से तो राहत मिल गई है, लेकिन जगह-जगह जलभराव की स्थिति भी निर्मित हो रही है। लगातार हो रही बारिश ने मौसम में ठंडक पैदा कर दी है और नदी-नाले अब उफान पर आ गए हैं। वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश भर में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। 9 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और बाकी क्षेत्रों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है। जांजगीर-चांपा, रायगढ़, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, सरगुजा जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज गरज-चमक के साथ मध्यम बारिश हो सकती हैं। वहीं सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

### कलेक्टर ने किया दरभा के स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

**जगदलपुर/विजय मत।** कलेक्टर हरिस एस सोमवार को दरभा के स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के लिए पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में नवनिर्मित लैब परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने दरभा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए जर्जर भवन का डिस्मेंटल करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किए। हॉस्पिटल के खराब भवन को भी नया बनाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने भी कहा। कलेक्टर ने दरभा के पंचायत भवन और लाइब्रेरी के लिए चिन्हांकित जमीन का भी अवलोकन किया। इस दौरान एसडीएम तोकापाल शंकर लाल सिन्हा, सीएमएचओ डॉक्टर संजय बसाक, जनपद सीईओ विजय बहादुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सर्किल स्टेशन लोधीपारा के अध्यक्ष बने राजेन्द्र जंघेल

**रायपुर।** लोधी क्षत्रिय समाज रायपुर के अधीनस्थ सर्किल स्टेशन लोधीपारा पं. क्रं.2066 में मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमान कृष्ण कुमार सिंगौर एवं पर्यवेक्षक बंधु जंघेल और योगेश जंघेल की उपस्थिति में 6 जुलाई को पालकी रेस्टोरेंट स्टेशन लोधीपारा में निर्वाचन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें महिला एवं पुरूष पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। सर्किल अध्यक्ष राजेन्द्र जंघेल, उपाध्यक्ष बाल मुकुंद चंदेल, सचिव सतीश जंघेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश जंघेल एवं संयुक्त सचिव मधुसूदन जंघेल चुनें गए। इसी प्रकार सर्किल में महिला पदाधिकारी में सर्किल अध्यक्ष श्रीमती सविता जंघेल, उपाध्यक्ष श्रीमती नीता जंघेल, सचिव श्रीमती पम्पा चंदेल, कोषाध्यक्ष श्रीमती कौशल्या जंघेल, संयुक्त सचिव श्रीमती लक्ष्मी जंघेल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन कार्यक्रम में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अधीन जंघेल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बहुत-बहुत बधाई दी।

विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर में सुधार के लिए मिशन उत्कर्ष की शुरूआत

# विषयवार कार्ययोजना बनाकर शिक्षा विभाग रिजल्ट ओरिएंटेड कार्य करें: कलेक्टर



### स्कूली बच्चों को सोशल मीडिया तथा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करें- एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप रायपुर जिला प्रशासन ने छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने तथा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देकर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए ₹मिशन उत्कर्ष₹ की शुरूआत की है। इस अवसर पर रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में सभी स्कूलों के प्राचार्यों की एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें मिशन के उद्देश्यों, रणनीतियों व क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाल में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मिशन उत्कर्ष को पूरी गंभीरता से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग वर्षभर की विषयवार शैक्षणिक कार्ययोजना बनाकर, अच्छे परिणाम लाने के लिए समर्पित होकर कार्य करें। साथ ही सभी प्राचार्यों को कहा किया कि स्कूल जाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य करें और बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में स्कूलों में पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का आह्वान किया गया।

एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि रायपुर कैपिटल है, प्रदेश का आईना है। यहां अच्छा कार्य करें जो पूरे प्रदेश के लिए मॉडल बने। एसएसपी डॉ सिंह ने कहा कि जिले को राज्य में टॉप 3 में लाने का संकल्प सभी को लेना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सोशल मीडिया जागरूकता और ट्रैफिक नियमों की शिक्षा देने पर भी बल दिया। कार्यशाला में बताया गया कि मिशन उत्कर्ष एक संगठित, समर्पित और डेटा-आधारित दृष्टिकोण है, जिसका मुख्य उद्देश्य कक्षा 10वीं और 12वीं में 100% उत्तीर्णता सुनिश्चित करना है। साथ ही 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाना तथा राज्य मेरिट सूची में रायपुर जिले के अधिकाधिक छात्रों को स्थान दिलाना मिशन का लक्ष्य है। समयबद्ध तैयारी व सतत मूल्यांकन किया जाए, मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक व प्री-बोर्ड परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित होंगी। मॉडल उत्तर लेखन व अभ्यास के साथ विषयाधारित तैयारी के साथ नियमित उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन व फीडबैक लिया जाएगा। कमजोर छात्रों के लिए संदेह समाधान सत्र, विशेष अभ्यास कक्षाएं आयोजित की जाएगी। श्रेष्ठ शिक्षक, विषय, विद्यालय और टॉपर्स को प्रशंसा पत्र एवं ह्ललंच विथ कलेक्टरह्व विशेष पुरस्कार व सम्मानित किया जाएगा। कार्यशाला में पुलिस विभाग द्वारा प्राचार्यों को साइबर क्राइम के प्रति सतर्क किया गया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान व वय वंदना कार्ड बनाने की जानकारी दी गई तथा ऑनलाइन कार्ड कैसे बनाए ये भी बताया गए। इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण की भी व्यवस्था की गई।

कांग्रेस की किसान, जवान, संविधान सभा में बरसते पानी में 25000 से अधिक लोग शामिल हुए

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विशाल आम सभा को संबोधित किया

### राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी सभा में शामिल हुए

**विजय मत, रायपुर**




राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में बरसते पानी में छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आये 25000 से अधिक लोग कांग्रेस किसान, जवान, संविधान जनसभा में शामिल हुए। घनघोर बारिश के बावजूद आम आदमी और कार्यकर्ता लगातार सभा स्थल की ओर आते जा रहे थे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि इतनी बारिश के बावजूद कार्यकर्ता का जोश कम नही हुआ है आप जैसे कार्यकताओं के रहते कांग्रेस पार्टी को कोई नहीं हरा सकता। छत्तीसगढ़ में महाअधिवेशन हुआ और जिसमे अध्यक्ष बनने के बाद आया हूँ, आप सबके कारण से यहां पहुंचा। केन्द की भाजपा सरकार अपने दम पर सरकार नही बना सकी और 240 सीट पर सिमट गयी। कांग्रेस पार्टी को कुछ सीटें हमे और मिल जाती तो हम सरकार बना लेते लेकिन ऐसा हो नही सका नही तो मोदी को गुजरात का रास्ता दिखा देते। केन्द्र सरकार ईडी, आईटी का दुरूपयोग कर रही है। अधिवेशन के समय ईडी का छापा मारा गया और हमारे नेताओं को परेशान किया गया लेकिन हम डरने वाले नही है। हम सभी मजबूती के साथ लडेंगे और आगे बढ़ेंगे। नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी और सोनिया गांधी को ईडी परेशान कर रही है।

# मैनपाट में भाजपा सांसद-विधायक प्रशिक्षण वर्ग का भव्य शुभारंभ, ओपी चौधरी हुए शामिल

**विजय मत, रायपुर**

मैनपाट भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज सरगुजा जिले के मैनपाट में आयोजित भाजपा सांसद-विधायक प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने संगठन की विचारधारा, जनसेवा के प्रति निष्ठा और नीतिगत प्रतिबद्धताओं पर प्रकाश डाला। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और आमजन के प्रति सेवा भाव को और अधिक सशक्त करता है। यह वैचारिक समर्पण केवल भाजपा जैसी पार्टी में ही संभव है। इस अवसर पर अनेक दिग्गज नेता मंच पर



उपस्थित रहे। इनमें राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित कैबिनेट के सदस्य, सांसदगण और विधायकगण शामिल थे।

केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन का विरोध

# हजारों छात्र-छात्राओं और परिजनों ने किया धरना प्रदर्शन, प्रशासन ने दिया ये आश्वासन

**बेमेतरा।** जिले के ग्राम बावामोहतरा में सोमवार को हजारों छात्र-छात्राएं और उनके परिजन सड़क पर उतर आए और अस्थायी केंद्रीय विद्यालय संचालन के खिलाफ चक्का जाम कर दिया। छात्रों और स्थानीय नागरिकों ने विद्यालय के संचालन को लेकर गहरी नाराजगी जताई और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

बेमेतरा जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना प्रस्तावित है। जब तक स्थायी भवन का निर्माण नहीं होता, तब तक हायर सेकेंडरी स्कूल, बावामोहतरा से विद्यालय का अस्थायी संचालन किया जाना था। इसी निर्णय का छात्रों



और स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया।

***जिला शिक्षा अधिकारी का बयान*** इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने बताया कि बावामोहतरा में छात्रों व नागरिकों द्वारा अस्थायी संचालन का विरोध किया गया। हमने लोगों को यह स्पष्ट किया कि संचालन पूरी तरह सुव्यवस्थित होगा और शिक्षण व्यवस्था में कोई बाधा नहीं आएगी। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय मांगों को ध्यान में रखते हुए डीएमएफ मद से पांच अतिरिक्त कक्ष (चार कक्षा कक्ष और एक पुस्तकालय कक्ष) स्वीकृत किए जा चुके हैं। साथ ही विधायक द्वारा दो अतिरिक्त कक्षों की घोषणा भी की गई है। विद्युत पोल स्थानांतरण की मांग पर जूनियर इंजीनियर को तत्काल निर्देश दिए गए हैं कि प्रस्ताव तैयार कर संबंधित विभाग को प्रस्तुत करें।

***विरोध जारी, संचालन स्थगित*** डीईओ कमल कपूर बंजारे ने बताया कि प्रशासन की समझाइश और आश्वासन के बावजूद छात्र आंदोलन पर अड़े रहे। अंततः एडीएम भी मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया, लेकिन विरोध शांत नहीं हुआ। इसके बाद प्रशासन ने फिलहाल केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन के निर्णय को स्थगित कर दिया है। अब कलेक्टर के मार्गदर्शन में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नवनीत ने 175 बार रक्तदान कर बनाया रिकॉर्ड

## सांसद बृजमोहन ने किया सम्मानित

**विजय मत, रायपुर**

महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस आर्गेनाइजेशन रायपुर के सचिव, सामाजिक कार्यकर्ता नवनीत झा ने 175वी बार ब्लड डोनेशन करके नया रिकॉर्ड बना लिया है। वे ऐसा करने वाले देश के नंबर वन रक्तदाता हो गए हैं। विश्व रिकॉर्ड एक ही व्यक्ति के द्वारा 185 बार रक्तदान का है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल थे। उन्होंने रक्तदाता नवनीत झा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत, अभिनंदन किया। उन्होंने बधाई देते हुए आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक को साल में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए ऐसा करके हम सामाजिक दायित्व को पूरा कर सकेंगे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महासचिव लोकेश कावड़िया, अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अशोक



जैन, प्रदेश अध्यक्ष वीर राजेंद्र जैन, रायपुर चैप्टर के अध्यक्ष वीर अशोक मुकीम , सचिव नवनीत झा, पंकज गुप्ता, संजय गिडीया, महेंद्र ठाकुर, मोतीलाल ओसवाल, चंपालाल प्रजापति इत्यादि उपस्थित थे।

# दादाबाड़ी में मनाई गई दादागुरुदेव जिनदत्त सूरीश्वर की 871 वीं पुण्यतिथि

**विजय मत, रायपुर**

आचार्य जिनमणिप्रभ सूरि द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में प्रथम दादागुरुदेव जिनदत्त सूरि की 871 वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई ।

प्रातः से ही सैकड़ों बच्चों व भाई बहनों ने दादागुरुदेव जिनदत्त सूरि की प्रतिमा के सम्मुख इक्तिसा जाप किया व गुरूदेव का गुणानुवाद किया गया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि एक लाख तीस हजार अजैनों को जैन बनाने वाले एकावतारी युगप्रधान दादागुरुदेव जिनदत्त सूरीश्वर की पुण्यतिथि के अवसर पर दादागुरुदेव का इक्तिसा जाप भक्ति भाव से किया गया । प्रथम दादागुरुदेव जिनदत्त सूरि की गुणानुवाद सभा में अध्यक्ष संतोष बैद ने कहा कि 12 वीं शताब्दी में जब भारत में मुगल साम्राज्य द्वारा मंदिर व मूर्तियों को खंडित किया जा रहा था उस समय सुप्रसिद्ध जैन आचार्य श्रीजिनदत्त सूरि ने अपने तपोबल व साधना से धर्म की रक्षा की। एक समय उज्जैन में उनके प्रवचन के समय 64 योगनियां श्राविका का रूप कर दादा जिनदत्त सूरी को कपट पूर्वक तंग करने आई जिसे अपने दिव्य ज्ञान से जानकर उन्हें मंत्र बल से उनके आसन में ही स्तंभित कर दिया जिससे 64 योगनियों ने नतमस्तक होकर आचार्य को 7 वरदान दिए तथा सदैव उनकी आज्ञा पालन का वचन दिया।

# बीजापुर में ई-ऑफिस प्रणाली की शुरूआत : सरकारी कामकाज होगा अब पारदर्शी और कागज रहित

**विजय मत, बीजापुर**

**बीजापुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार कलेक्टर संबित मिश्रा के नेतृत्व में बीजापुर जिले में शासकीय कामकाज को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली की शुरूआत की गई है। यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान की दिशा में एक ठोस कदम है, जो शासन को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और नागरिकों को त्वरित सेवाएं प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। ई-ऑफिस एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो शासकीय कार्यालयों में कागज रहित कामकाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस



प्रणाली के माध्यम से अब जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में कार्यालयीन कार्य डिजिटल रूप से संचालित होंगे।

***ई-ऑफिस प्रणाली के प्रमुख लाभ*** : कागज रहित प्रक्रियाः- फाइलों, नोट्स और दस्तावेजों को डिजिटल माध्यम में संरक्षित किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा।

बेहतर कार्य कुशलताः सभी फाइलें और कार्य डिजिटल रूप से ट्रैक होंगे, जिससे समय की बचत होगी और कार्य जल्दी निपटेंगे।

पारदर्शिता में वृद्धिः पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से किसी भी तरह की गड़बड़ी या भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम होगी। सुरक्षा सुनिश्चितः डिजिटल डेटा को संरक्षित रखने के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय अपनाए गए हैं।

ई-ऑफिस के प्रमुख कार्य :
डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन : नोटशीट, रिपोर्ट, पत्राचार आदि अब डिजिटल रूप में उपलब्ध रहेंगे।

कार्यालयीन कार्य प्रबंधन :
कार्यों को असाइन करने, ट्रैक करने और रिपोर्ट तैयार करने जैसी सभी गतिविधियाँ ऑनलाइन होंगी।

संचार और सहयोग : विभागों के बीच बेहतर संवाद और समन्वय संभव होगा, जिससे टीम वर्क और दक्षता में सुधार आएगा **ई-ऑफिस का व्यापक महत्व** : यह प्रणाली जिले के सरकारी कार्यालयों में कामकाज की गुणवत्ता सुधारने में सहायक होगी। डिजिटल इंडिया अभियान के तहत यह एक क्रांतिकारी कदम है जो प्रशासन को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगा। इससे कार्यालयीन उत्पादकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे नागरिकों को लाभ मिलेगा। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली से न केवल कार्यालय का संचालन तेज और पारदर्शी होगा, बल्कि इससे जनता का विश्वास भी शासन व्यवस्था में और अधिक मजबूत होगा।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# सुशासन में सरे आम अपराधियों का तांडव

कुमार कृष्णन

अपने बिहार दौरे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जिस जंगलराज के बहाने महागठबंधन को घेरने की कोशिश की, वह उलट सावित हो रहा है। अब लोग सवाल कर रहे हैं कि यदि सुशासन में सरे आम अपराधी तांडव कर रहे हैं, तो फिर जंगल राज क्या है? महागठबंधन का नेतृत्व कर रहे तेजस्वी यादव पहले से ही अपराध बुलेटिन जारी कर सुशासन की पोल खोलकर सरकार के विरुद्ध गोलबंदी की मुहिम छेड़ दी है । ऐसे में गोपाल खेमका समेत कई व्यवसाई की हत्या के बाद नाराज वैश्य समाज सुशासन की सरकार के विरुद्ध खड़ा हो जाए तो यह अतिश्योक्ति नहीं होगी। व्यवसायी गोपाल खेमका के पहले गत जून माह में ही पुनपुन के सुहागी-कंडाप पथ पर बाइक सवार बदमाशों ने जमीन कारोबारी अंजनी सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह घटना गौरीचक के कंडाप पैक्स गोदाम के पास की है, जहां सुनसान जगह का फायदा उठाकर अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। मृतक हंडेर गांव के श्याम नंदन सिंह के पुत्र थे और जमीन के कारोबार से जुड़े थे। कारोबारी जयप्रकाश नारायण की भी गत वर्ष अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। आरोप यह था कि अपराधियों ने कारोबारी जयप्रकाश से 1.5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। जब पैसा नहीं मिला तो उनकी हत्या कर दी गई।



बेगूसराय में अक्टूबर 2024 को सोना व्यापारी अनिल कुमार की अपहरण कर हत्या कर दी गई। अनिल कुमार ज्योति ज्वेलर्स के मालिक थे। जून 2024 में ही बिहार के नालंदा जिले के पनहेस्सा गांव के पास दो बाइक सवार बदमाशों ने जमीन कारोबारी को गोलियों से छलनी कर दिया। उन्हें चार गोलियां मारी गयीं। इलाज के लिए ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान पनहेस्सा गांव निवासी 42 वर्षीय रजी अहमद उर्फ नन्हे के रूप में की गयी। इस हत्या का कारण भी जमीन की खरीद-बिक्री के कारोबार बताया गया।

इस घटना के बाद बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक समीक्षा बैठक की। नीतीश कुमार ने कहा कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। गोपाल खेमका हत्याकांड को लेकर हुई समीक्षा बैठक में मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के साथ पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल थे। नीतीश कुमार ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ें और उन्हें कड़ी सजा दें। 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में पुलिस महानिदेशक एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध करने वाले कोई भी हों, उन्हें किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाए। घटित आपराधिक घटनाओं के अनुसंधान कार्यों में तेजी लाने और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन को पूरी मुस्तैदी एवं कड़ाई से काम करने को कहा। एनडीए में नीतीश के सहयोगी चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (आर) के खगड़िया से सांसद राजेश वर्मा ने भी सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होने कहा कि जिस तरह गोपाल खेमका की हत्या को अंजाम दिया गया। उससे लगने लगा है कि राज्य में अपराधियों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। बिहार में व्यापारी सुरक्षित नहीं है।

लोजपा (आर) के सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि खेमका परिवार में ये दूसरी हत्या है, इससे पहले 2018 में गोपाल खेमका के बेटे गुंजन की हत्या भी इसी तरह की गई है। बिहार को आगे बढ़ाने की सोच रखने वाला वैश्य समाज भी सुरक्षित नहीं है। हाथ जोड़कर आग्रह करते हुए सांसद ने कहा कि सबसे पहले बिहार में व्यापारी वर्ग की सुरक्षा पुख्ता की जाए। अगर आप बिहार में उद्योग-धंधे लगाने की बात करते हैं। यही नहीं कानून व्यवस्था में सुधार के लिए पड़ोसी राज्य यूपी का हवाले देते हुए लोजपा (आर) के सांसद ने कहा कि यूपी से भी सीख सकते हैं कि कैसे लॉ एंड ऑर्डर को दुरूस्त किया जा सकता है। अपराधियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने का वक्त आ गया है। आज गोपाल खेमका नहीं तो कल कोई और होगा। बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त; चिराग के सांसद राजेश का नीतीश सरकार पर सीधा हमला विपक्षी पार्टियां सरकार पर हमला कर रही हैं। उनका कहना है कि बिहार में कानून का राज खत्म हो गया है। नीतीश कुमार को इस्तीफा दे देना चाहिए। इस घटना के बाद बिहार की राजनीति भी गरमा गई है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि खेमका परिवार ने घटना के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक और स्थानीय थाने में फोन किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद जिला मजिस्ट्रेट को फोन किया गया, जिन्होंने फोन उठाया। उन्हें बताया गया कि पुलिस जवाब नहीं दे रही है और उन्हें मदद की ज़रूरत है।

राजेश कुमार ने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि जिला मजिस्ट्रेट को फोन करने के तीन घंटे बाद पुलिस पहुंची। उन्होंने नीतीश कुमार के शासन को बीमार बताया और मांग की कि नीतीश कुमार और राजग गठबंधन को इस मुद्दे पर इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की भी मांग की। वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पटना में थाने से कुछ ही कदम दूर, बिहार के एक प्रमुख व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई! उन्होंने सवाल उठाया कि बिहार में हर महीने सैकड़ों व्यापारियों की हत्या की जा रही है, लेकिन इसे जंगल राज क्यों नहीं कहा जा सकता? उन्होंने मीडिया मैनेजमेंट और परसेप्शन मैनेजमेंट पर भी सवाल उठाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में हर महीने सैकड़ों व्यापारियों की हत्या की जा रही है, लेकिन हम इसे जंगल राज नहीं कह सकते? क्योंकि यही तो शास्त्रों में मीडिया मैनेजमेंट, परसेप्शन मैनेजमेंट और इमेज मैनेजमेंट कहते हैं। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि लालू यादव के जंगल राज और नीतीश कुमार के राज में कोई अंतर नहीं है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> लोकसभा चुनाव में वैश्य समाज का एक वर्ग महागठबंधन के साथ जा जुड़ा था। सुशासन की सरकार पर सवालिया निशान खड़ा कर रहे हैं। पटना के राजेन्द्र नगर स्थित मगध हॉस्पिटल के मालिक और राज्य के प्रमुख व्यवसायी गोपाल खेमका की 4 जुलाई, को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जहां हत्या हुई है, उस स्थल से गांधी मैदान थाने महज ढाई सौ मीटर की दूरी पर है। आसपास ही पुलिस अधीक्षक और वरीय पुलिस अधीक्षक के आवास हैं। बावजूद इसके अपराधी हत्या कर चलते बने। हद तो ये है कि घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस डेढ़ घंटे बाद पहुंची।

# जाम के झाम से मुक्ति के हों पुख्ता इंतजाम

27 जून को इंदौर-देवास हाईवे पर करीब पर 40 घंटे तक 8 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें 4000 से ज्यादा वाहन फंस गए थे। इस दौरान 3 लोगों की जान चली गई। 14 जून को केरल के कन्नूर में कोट्टियूर के पास एक तीन वर्षीय बच्चे की अस्पताल ले जा रही एम्बुलेंस के भीषण ट्रैफिक जाम में फंस जाने से मौत हो गई। 7 जून दिल्ली से आए एक 62 वर्षीय पर्यटक कमल किशोर टंडन की मसूरी में भीषण ट्रैफिक जाम में फंसने के बाद अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। 6 मई उप्र के हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में एक डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और राजमार्ग पर तीन घंटे तक जाम फंसे रहने की वजह से उसे वक्त पर उचित उपचार नहीं मिला और इस वजह से उसकी मौत हो गई। 24 अप्रैल हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में मुख्य बाजार देहरा में समय सड़क निर्माण कार्य के कारण लगे भारी जाम ने 75 साल के बुजुर्ग की ज़िंदगी छीन ली। 24 फरवरी कोटा राजस्थान के राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर दरा नाल में लगने वाले भीषण जाम ने एक मासूम की जान ले ली। ये तो बानगी भर है। इस तरह की खबरें अक्सर सुनने, पढ़ने और देखने को मिलती हैं। दो चार दिन के हो हल्ले के बाद गाड़ी पुराने ढर्रे पर दौड़ने लगती है। ताजा प्रकरण इंदौर-देवास हाईवे पर 40 घंटे के जाम का है। 40 घंटे का जाम था...कोई सोच भी नहीं सकता कि आज़ादी के 75 साल बाद, 40 किलोमीटर का रास्ता तय करने में 40 घंटे लग सकते हैं। दिल्ली से न्यूयॉर्क जाने में आमतौर पर 16 से 20 घंटे लगते हैं। मतलब जितने में दिल्ली से न्यूयॉर्क की फ्लाइट का आना जाना हो जाए, उतने में इंदौर से देवास नहीं पहुंच सके। इंदौर से देवास तक का रास्ता महज़ 40 किलोमीटर है। मध्य प्रदेश के हाई कोर्ट ने फटकार लगाते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनएचएआई को इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया था।

### नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# बारिश का कहर : प्रकृति का विक्षोभ या विकास की विफलता ?

ललित गर्ग

बीते कुछ वर्षों में पहाड़ों में बारिश एवं बादल फटना अब डर, कहर और तबाही का पर्याय बन गई है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, और पूर्वोत्तर के अन्य पहाड़ी राज्यों में हर वर्ष मानसून के साथ भयावह भूस्खलन, बादल फटना, पुल बहना और सड़कें टूटना एक आम दृश्य बन गया है। यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थागत विफलता, सरकारी निर्माण की लापरवाही और अनियोजित विकास की पोल खोलने वाला यथार्थ है। निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है। हर वर्ष जब मानसून की पहली बारिश पहाड़ों को भिगोती है, तो स्थानीय जनजीवन एक नई उम्मीद के साथ खिल उठता है। खेतों में हरियाली, नदियों में जल, और प्रकृति की शीतलता-मानसून एक उत्सव जैसा लगता है। लेकिन हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रुपये की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है।



नतीजा यह हुआ कि हल्की-सी भारी बारिश में ही सड़कें धंस जाती हैं, इमारतें दरकने लगती हैं, और पूरा गाँव मलबे में दब जाता है। वास्तव, पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालयी पारिस्थितिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इनकी तीव्रता और आवृत्ति में ज़बरदस्त वृद्धि देखी गई है। इसकी मुख्य वजहें हैं-अनियंत्रित पहाडों की कटिंग और खुदाई, बढ़ता भारी वाहन यातायात, जल निकासी की अव्यवस्था एवं वन क्षेत्र का अत्याधिक क्षरण। सरकारी निर्माण एजेंसियां अक्सर तय मानकों की अनदेखी करती हैं। निर्माण सामग्री घटिया होती है और मुनाफाखोरी के चक्कर में दीवारें और पुल बरसात में ताश के पत्तों की तरह ढह जाते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और पर्यावरण वैज्ञानिक लगातार चेताते रहे हैं कि हिमालयी क्षेत्र बेहद संवेदनशील हैं। फिर भी, निर्माण कार्यों के लिए भू-सर्वेक्षण, पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) और जनसुनवाई की प्रक्रियाओं को या तो टाल दिया जाता है या खानापूर्ति भर की जाती है। चार धाम यात्रा मार्ग पर बनने वाली सड़क परियोजनाओं को सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार रोका और सुझाव दिए कि पहाड़ों को काटने की बजाय टनल या वैकल्पिक मार्ग बनाए जाएं, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे उलट है। निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का विनाश निश्चय ही भयावह है। वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है। इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों, सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नये सिरे से बहस छेड़ दी है। राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं। कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है। शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया। जब बारिश आती है, तो केवल इमारतें और सड़कें नहीं ढहतीं, आम लोगों का जीवन भी उजड़ जाता है। लोग रातोंरात बेघर हो जाते हैं। स्कूल, अस्पताल, बिजली-पानी की सुविधाएं बंद हो जाती हैं। प्रशासनिक अमला अकसर घटनास्थल पर देर से पहुँचता है और राहत कार्यों में राजनीतिक रस्साकशी आड़े आ जाती है। राहत कैंपों में भोजन, शौचालय और दवाइयों की भारी कमी रहती है। जब किसी राज्य में बड़ी आपदा आती है, तभी मीडिया और नेताओं की नज़र जाती है। हेलिकॉप्टर से निरीक्षण, मुआवज़े की घोषणाएं, और 'हम साथ हैं' जैसे बयान आते हैं। लेकिन जैसे ही मौसम सामान्य होता है, पीड़ितों की सुध लेने वाला कोई नहीं रहता। लंबे समय तक पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्य अधर में लटकते हैं।

निश्चय ही मौसम के मिजाज में तल्खी नजर आ रही है लेकिन इस संकट के मूल में कहीं न कहीं अवैज्ञानिक विकास, खराब आपदा प्रबंधन और निर्माण में पारिस्थितिकीय ज्ञान की उपेक्षा भी निहित है। जिसने इस संकट को और अधिक बढ़ाया है। दरअसल, पानी के प्रवाह के जो प्राकृतिक रास्ते थे, हमने उन पर बहुमंजिली इमारतें खड़ी कर दी हैं। हमने अपेक्षाकृत नयी हिमालयी पर्वतमालाओं पर इतना भारी-भरकम विकास व निर्माण लाद दिया कि वे इस बोझ को सहन नहीं कर पा रही हैं। निर्माण कार्य में स्थानीय पारंपरिक वास्तुकला और प्राकृतिक सामग्री का प्रयोग बढ़ाया जाए। भू-सर्वेक्षण और ईआईए को अनिवार्य किया जाए, हर निर्माण से पहले वैज्ञानिक स्तर पर ज़मीन की जाँच और पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन आवश्यक हो। वनों की अंधाधुंध कटाई को रोका जाए और जलग्रहण क्षेत्रों को पुनर्स्थापित किया जाए। गाँवों और कस्बों के स्थानीय लोगों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल किया जाए ताकि निर्माण कार्य ज़मीनी ज़रूरतों और जोखिमों के अनुसार हो।

हिमालय को केवल भूगोल नहीं, अध्यात्म का स्रोत भी माना जाता है। यहाँ की नदियां, पहाड़ और घाटियां धार्मिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व रखती हैं। जब इन स्थानों पर अंधाधुंध निर्माण होता है, तो केवल भू-आकृति नहीं, सांस्कृतिक चेतना भी नष्ट होती है। पर्वतीय जीवन में तबाही के पीछे केवल प्रकृति नहीं, हमारी नीति, नियत और विकास का वह मॉडल ज़िम्मेदार है जो केवल तात्कालिक लाभ और मुनाफे पर केंद्रित है। हम पहाड़ों को केवल पर्यटक स्थल या परियोजना-स्थल की दृष्टि से न देखें, बल्कि वहां के पर्यावरण, संस्कृति और जीवन पद्धति को समझें और संरक्षण का दायित्व लें।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> 2023 और 2024 के मानसून ने हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों में जो कहर बरपाया, वह केवल आँकड़ों में सीमित नहीं है। दर्जनों लोग मारे गए, सैकड़ों मकान जमींदोज़ हो गए, हजारों लोग बेघर हुए। हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, सड़कों, सुरंगों और इमारतों के निर्माण ने जिस तरह से पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना के साथ छेड़छाड़ की, वह अब प्रकृति के प्रतिशोध का कारण बन रही है। उत्तराखंड में 'ऑल वेदर रोड', हिमाचल में सुरंगें और जल विद्युत परियोजनाएं-इन सभी ने विकास के नाम पर जिस प्रकार अंधाधुंध खुदाई और कटान किए हैं, उससे पर्वतीय क्षेत्र अपनी स्थायित्व खोते जा रहे हैं। वैज्ञानिक चेतावनियों के बावजूद कई निर्माण कार्यों में भूगर्भीय सर्वेक्षण की अनदेखी की गई।

# हम एक उंगली दूसरे पर उठाते हैं तो तीन उंगलियां हमारे ऊपर उठती है इस को रेखांकित करना जरूरी

किशन सनमुखदास भावनानीं

सृष्टि में खूबसूरत मानवीय जीव की रचना कर रचनाकर्ता नें उसमें गुण और अवगुण रूपी दो गुलदस्ते भी जोड़े हैं और उनका चयन करने के लिए 84 लाख योनियों में सर्वश्रेष्ठ बुद्धि का सृजन मानवीय योनि में कर अपने भले बुरे सोचनें का हक उसी को दिया है,परंतु हम अपनीं जीवन यात्रा में देखते हैं कि मानवीय जीव अवगुण रूपी गुलदस्ते का चुनाव खुद कर उसमें ढल जाता है और अंत में दोष सृष्टि रचनाकर्ता को ही देता है कि मेरे जीवन को नरक बना दिया जबकि गलती मानवीय जीव की ही है कि उसने ही अपनी बुद्धि से उस अवगुण रूपी गुलदस्ते को चुना !मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि कहावत जब हम एक उंगली उठाते हैं, तो तीन उंगलियां हमारी ओर इशारा करती हैं अक्सर आत्म-चिंतन और जवाबदेही के विचार से जुड़ी होती है। यह वाक्यांश बताता है कि जब हम किसी और पर आरोप लगाते हैं या दोष देते हैं,तो हमको उस स्थिति में अपनी गलतियों या योगदानों पर भी विचार करना चाहिए।हालांकि इस कहावत की सटीक उत्पत्ति स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह विभिन्न सांस्कृतिक और दार्शनिक परंपराओं में पाए जाने वाले विषयों को समाहित करती है।यह प्रक्षेपण के बारे में मनोविज्ञान की अवधारणाओं के साथ संरेखित है, जहां व्यक्ति अपने अवांछनीय गुणों या व्यवहारों को दूसरों पर आरोपित करते हैं। उंगलियों की छवि यह दर्शाती है कि आलोचना अक्सर आलोचना के विषय की तुलना में आलोचक के बारे में अधिक दर्शाती है।इस वाक्यांश की खूबसूरती यह है कि यह किसी और को दोष देने के बजाय आत्मनिरीक्षण करने पर मजबूर करता है।यूं तो अवगुणों को सैकड़ों शब्दों, बुराइयों से पुकारा जाता है जिसमें आज हम निंदा बुराई, दूसरों पर उंगली उठाना इस अवगुण की चर्चा कर करेंगे आओ निंदा रूपी अवगुण त्यागने का संकल्प लें।हम खुद का आंकलन दूसरे से श्रेष्ठ करने की चूक से बचें स्वयं को छोटा कहलाने वाला व्यक्ति सबसे श्रेष्ठ गुणवान होता है। साथियों बात अगर हम निंदा की करें तो किसी ने खूब ही कहा है कि, संसार में प्रत्येक जीव की रचना ईश्वर अल्लाह ने किसी उद्देश्य से की है। हमें ईश्वर अल्लाह की किसी भी रचना का मखौल उड़ाने का अधिकार नहीं है।इसलिए किसी की निंदा करना साक्षात परमात्मा की निंदा करने के समान है।किसी की आलोचना से आप खुद के अहंकार को कुछ समय के लिए तो संतुष्ट कर सकते हैं किन्तु किसी की काबिलियत, नेकी, अच्छाई और सच्चाई की संपदा को नष्ट नहीं कर सकते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8421

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | |
| 5 | | | | | | | 6 | 7 |
| | | | 8 | 9 | | 10 | | |
| 11 | | 12 | | | | 13 | | |
| | | 14 | | | 15 | | | |
| 16 | | | | 17 | | 18 | | 19 |
| | | 20 | 21 | | 22 | | | |
| 23 | 24 | | | | | | 25 | |
| | 26 | | | | 27 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू-3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल, जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तेल या घी में पकाना -3
27. मसाज-3

### ऊपर से नीचे

1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरुरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीती, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माईन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

### शब्द पहेली -8420 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | ह | क | | ता | म | झा | म |
| ज | न | | म | न | न | | | स |
| हा | | प | र | | ना | स | | ख |
| न | ज | र | बं | द | | दा | य | रा |
| | न | | द | | ह | | म | |
| दा | म | न | | न | क | ब | ज | न |
| वा | | ल | क | | ब | स | | ती |
| न | | | मा | य | का | | ता | जा |
| ल | ति | या | ना | | ना | सू | र | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**8 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.01 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | सिंह | 08.17 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.29 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.40 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.55 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.11 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.16 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.02 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.35 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.06 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | वृष | 01.46 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 03.44 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 189 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 00.39 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 03.15 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 22.17 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 11.58 बजे तदनन्तर तैतिल 00.39 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 12.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 28' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872399 **जूलियन दिन** 2460864.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 12 **विशेष** प्रदोष व्रत, जयापार्वती व्रत प्रारंभ।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## सार समाचार



### जिले में जून से अगस्त का राशन उठाव 31 जुलाई तक, खाद्य विभाग ने बढ़ाई समय-सीमा

**एमसीबी/विजय मत** । भारत सरकार, उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चावल वितरण की समयावधि में महत्वपूर्ण विस्तार किया गया है। मंत्रालय के पत्र के अनुसार अब जिले के सभी राशनकार्डधारी परिवारों को माह जून से अगस्त 2025 तक का चावल 31 जुलाई 2025 तक एकमुश्त उठाने की सुविधा दी गई है। यह निर्णय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभान्वित परिवारों के लिए राहतकारी कदम है। वहीं एमसीबी जिला खाद्य अधिकारी द्वारा जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानों को निर्देशित किया गया है कि वे इस जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे। जिले की नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों की सूची में चिरमिरी नगर पालिक निगम क्षेत्र की प्रमुख दुकानों में मालवीय नगर महिला विकास बहुउद्देशीय सेवा समिति, शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 711001027 शामिल है जिसके संचालिका सुभाषित और पार्षद रजनी चौहान हैं यह दुकान वार्ड क्रमांक 28 संत कालीदास में स्थित है। वहीं दूसरी दुकान एसईसीएल कर्मचारी उपभोक्ता भंडार, आईडी 711001028 है जिसकी संचालिका श्वेता टांडिया हैं और यह वार्ड 34 अहिल्या में स्थित है जहां के पार्षद राहुल भाई हैं। और तीसरी दुकान प्राथमिक सहकारी समिति चिरमिरी आईडी 711001029 है जिसके संचालक प्रतीक लाल हैं और यह वार्ड 4 शास्त्री नगर में संचालित है जहां की पार्षद संध्या सोनवानी हैं। खाद्य विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि से पहले अपनी उचित मूल्य की दुकान से चावल प्राप्त कर लें एवं किसी भी प्रकार की असुविधा से बचें।

### छात्र-छात्राओं की अनोखी पहल, एक दिन में जुटाए 844 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक



**एमसीबी/विजय मत।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के सहयोग से जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें जिले भर के लगभग 15000 छात्र-छात्राओं ने घर-घर से निकलने वाले एकल उपयोगी प्लास्टिक के एकत्रीकरण हेतु व्यापक स्तर पर भागीदारी की। इस अभिनव पहल में न केवल छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह के साथ आगे आए बल्कि उनके अभिभावकों ने भी बच्चों का भरपूर सहयोग कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बच्चों ने अपने घरों से अनुपयोगी प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथीन की थैलियां एवं अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रित कर उन्हें विद्यालय लाया जहां प्लास्टिक संग्रहण के पश्चात विद्यालय स्तर पर स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी में शिक्षकों ने बच्चों को प्लास्टिक के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए पर्यावरण प्रदूषण और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से इसके संबंध को समझाया तथा दैनिक जीवन में कपड़े के थैले, दोना-पत्तल जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। छात्रों की इस पहल ने प्रदेश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, क्योंकि पहली बार ऐसा हुआ जब एक ही दिन में लगभग 15000 बच्चों ने 844 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित कर स्वच्छाग्राहियों को सौंपा और आमजन से प्लास्टिक के प्रभावी प्रबंधन एवं इसके उपयोग को त्यागने की अपील की। यह आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है बल्कि जन जागरूकता के क्षेत्र में विद्यार्थियों की सशक्त भूमिका को रेखांकित करता है।

खरीफ 2025– बीज व उर्वरक वितरण में 80 प्रतिशत से अधिक प्रगति

# दलहन-तिलहन के क्षेत्र में भी लक्ष्य से बढ़कर काम, किसानों को मिल रही प्रोत्साहन

**विजय मत, कोरिया**



खरीफ 2025 सीजन के लिए जिले में किसानों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। उप संचालक कृषि श्री राजेश भारती ने जानकारी दी कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में बीज एवं उर्वरक के भंडारण एवं वितरण की प्रक्रिया को तेजी से अंजाम दिया गया है।

प्राप्त विभागीय आंकड़ों के अनुसार, जिले में अब तक 5451.98 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है, जिसमें से 4135.90 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया गया है। यह कुल भंडारण का लगभग 76 प्रतिशत है। वितरण कार्य को पारदर्शी बनाने हेतु सहकारी समितियों और विभागीय अमले के माध्यम से बीज उठाव की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार, रासायनिक उर्वरकों में 9665 मीट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 7730 मीट्रिक टन (लगभग 80 प्रतिशत) किसानों तक पहुँच चुका है। उर्वरकों में यूरिया, डीएपी, एनपीके एसएसपी जैसे विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डीएपी की कमी को देखते हुए एनपीके के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा इसके लाभों की जानकारी दी जा रही है। गुणवत्ता पर विशेष ध्यान, दुकानों में छापेमारीः बीज एवं उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने और गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा सख्त निगरानी की जा रही है। हाल ही में सहकारी एवं निजी दुकानों में छापेमारी कर 45 बीज और 16 उर्वरक नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। दलहन-तिलहन का क्षेत्र होगा और विस्तृतकृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025 के लिए दलहन 9850 हेक्टेयर और तिलहन 2350 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### गुणवत्ता पर विशेष ध्यान, दुकानों में छापेमारी

बीज एवं उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने और गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा सख्त निगरानी की जा रही है। हाल ही में सहकारी एवं निजी दुकानों में छापेमारी कर 45 बीज और 16 उर्वरक नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। दलहन–तिलहन का क्षेत्र होगा और विस्तृतकृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025 के लिए दलहन 9850 हेक्टेयर और तिलहन 2350 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, किसानों से अपील करते हुए उप संचालक श्री भारती ने कहा कि वे धान की परंपरागत खेती के स्थान पर दलहन व तिलहन फसलों की ओर रुख करें तथा मेड़ों पर अरहर जैसी फसलें लगाकर भूमि का अधिकतम उपयोग करें।

दिलाया जल्द निराकरण करने का भरोसा

# जनदर्शन में कलेक्टर ममगाई ने सुनी आमजनों की समस्या

**विजय मत, नारायणपुर**



कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगो से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने भरोसा दिलाया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

आज जनदर्शन में पोषण लाल ठाकुर वार्ड क्रमांक 4 कुम्हारपारा द्वारा पूर्व बकाया राशि की भुगतान, बामदेव बुधवारी बाजारपारा द्वारा तहसीलदार द्वारा एकपक्षीय सुनवाई के बावजूद आदेश न पारित करने की शिकायत, जयराम ध्रुव एवं अन्य 05 तहसील कोहकामेटा द्वारा सहायक शिक्षक के पद पर जिला प्रशासन की ओर से नियुक्ति प्रदान करने एवं वेतन दिलवाने, किशोर पोयाम ग्राम आदेर द्वारा सीएसआर मद या एनएमडीसी या अबूझमाड़ विकास प्राधिकरण के मद से एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने, समस्त महाविद्यालयीन छात्र एवं छात्राएं नारायणपुर द्वारा महाविद्यालय संचालन के लिए अतिरिक्त कमरे प्रदाय करने, नेहा कौशल ग्राम कनेरा द्वारा अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन राशि प्रदाय करने, प्रमिला नारायणपुर द्वारा कोटवारी जमीन पर शासकीय भूमि पर घर बनाया गया था उसके बदले दूसरा जमीन देने, मोहम्मद फिरोज द्वारा अतिक्रमण पर कार्यवाही, प्रायार्य शासकीय हाई स्कूल खड़ीबहार द्वारा शाला में पेयजल समस्या निदान, समस्त दैनिक वेतनभोगी विकासखण्ड ओरछा दैनिक वेतनभोगी अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के वेतन भुगतान, राकेश कुमार उसेण्डी जिला सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8 छोटेडोंगर द्वारा ग्राम पंचायत मढ़ोनार हुए अपूर्ण निर्माण कार्यो के संबंध में ग्रामीणों द्वारा शिकायत, अध्यक्ष एवं सचिव महिला स्व-सहायता समूह ग्राम बट्टेकाल द्वारा सन 2023-24 का स्कूल नाश्ता वितरण का राशि दिलवाने, संगीता ग्राम कंदाडी ब्रेहबेड़ा द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर में एडमिशन हेतु, राजबती सोरी एवं अन्य नक्सल पीड़ित परिवार जिला नारायणपुर द्वारा नक्सल पीड़ित परिवार के बच्चों को उच्च विद्यालय में शिक्षा दिलाने, बिरसाय पोटाई गुडरीपारा द्वारा नक्सल पीड़ित को पुनर्वास योजना के तहत सहायता, संतुराम मुहंदा एवं अन्य विकासखण्ड ओरछा द्वारा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के मस्टररोल एवं अतिरिक्त श्रम सम्मान राशि जारी नहीं करने, प्रवीण गोलछा माडीन देवी वार्ड नारायणपुर द्वारा अतिथि शिक्षकों के पिछले सत्र का चार माह का वेतन दिलवाए जाने हेतु, संगीता जैन पार्षद वार्ड क्रमांक 3 नारायणपुर द्वारा पुराने जर्जर भवन को गिराकर नवीन भवन का निर्माण करवाने, सरपंच ग्राम पंचायत सोनपुर द्वारा शासकीय हाई स्कूल एवं माध्यमिक शाला सोनपुर में शिक्षक व्यवस्था एवं कन्या आश्रम अधीक्षिका की तबादले पर रोक लगाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

## होरादी, सोनपुर में घर-घर जा कर किया गया डायरिया और चिकनगुनिया का सर्वे

**विजय मत, नारायणपुर**



ग्राम होरादी और सोनपुर में डायरिया और चिकनगुनिया के संभावित मामलों की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग द्वारा तत्काल कार्ययोजना तैयार की गई और 6 जुलाई को सुबह होरादी और सोनपुर में स्वास्थ्य टीमों को भेजकर व्यापक स्वास्थ्य सर्वे कराया गया।

स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने ग्राम सोनपुर और होरादी में घर-घर जाकर सर्वे किया। सर्वे के दौरान राहत की बात यह रही कि दोनों ही गांवों में डायरिया का कोई भी मामला सामने नहीं आया। हालांकि, ग्राम होरादी में चिकनगुनिया के दो संदिग्ध मरीज मिले हैं। दोनों मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद घर पर ही निगरानी में रखा गया है। उनके नमूनों को जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा जाएगा, ताकि बीमारी की पुष्टि की जा सके। ग्राम सोनपुर में 71 घरों का सर्वे किया गया। इस दौरान 65 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और मलेरिया टेस्ट कराया गया, जिसमें 4 मरीज मलेरिया पॉजिटिव पाए गए। इसके अतिरिक्त 3 लोगों को सर्दी-खांसी, 2 को शरीर में दर्द और 3 को खुजली की शिकायत थी। चिकनगुनिया और डायरिया का कोई मामला सोनपुर में दर्ज नहीं हुआ। वहीं ग्राम होरादी में 65 लोगों का ओपीडी परीक्षण किया गया और सभी का मलेरिया टेस्ट किया गया। जांच में 5 मरीज मलेरिया पॉजिटिव पाए गए। 6 लोगों को सर्दी-खांसी की शिकायत थी, लेकिन डायरिया का कोई भी केस नहीं मिला। हालांकि, 2 मरीजों में चिकनगुनिया जैसे लक्षण दिखे गए है।

## गाज से बचाव के लिए प्रशासन ने जारी की महत्वपूर्ण जानकारी

**जशपुरनगर /विजय मत।** बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहता है। इससे बचाव के लिए कलेक्टर रोहित व्यास ने आम नागरिकों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियाँ अपनाने की अपील की है और कहा है की बिजली एक शक्तिशाली प्राकृतिक घटना है, लेकिन यदि हम सतर्क और तैयार रहें, तो जानमाल का नुकसान कम किया जा सकता है।

जिला प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया है कि बिजली कड़कने पर तुरंत सुरक्षित जगह जाएं सबसे सुरक्षित जगह पक्का मकान होता है, अगर खुले में हैं और कहीं नहीं जा सकते, तो झुक कर बैठें (पैर साथ रखें), लेकिन जमीन पर सीधे नहीं लेटें, बिजली से चलने वाले उपकरण टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल चार्जर आदि को तुरंत अनप्लग कर दें, पेड़ों और धातु की चीजों से दूर रहें, पेड़ के नीचे खड़े न हों बिजली अक्सर ऊंची चीजों पर गिरती है, बिजली के खंभों, तारों और लोहे के औजारों से दूर रहें।

## बिहान योजना के तहत महिलाओं ने थामी खेती और पशुपालन की कमान हो रही आमदनी में बढ़ोतरी

**विजय मत, एमसीबी**



जिले में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निदेर्शानुसार कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा एनआरएलएम बिहान योजना के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूह की महिलाओं को विभागीय योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम के मार्गदर्शन में ग्राम स्तर पर महिला कृषि सखी और पशु सखी की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आ रही है। कृषि सखियों के माध्यम से गांव-गांव में किसान पाठशालाएं संचालित की जा रही हैं, जहां जैविक खेती को प्रोत्साहित करते हुए निम्बास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्निअस्त्र और जीवामृत जैसी जैविक दवाइयों के निर्माण की विधि स्थानीय संसाधनों से सिखाई जा रही है। कीटनाशक जहरीली दवाओं और जैविक उपायों में अंतर समझाते हुए महिला किसान घरों में स्वयं जैविक दवाइयों का निर्माण करने लगी हैं। बीजोपचार, थरहा तैयार करना और लाइन विधि से रोपाई जैसे तकनीकी उपायों से किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन की राह दिखाई जा रही है। वर्षा ऋतु में सब्जी उत्पादन को प्रोत्साहन देते हुए मचान विधि को अपनाने पर जोर दिया जा रहा है।

# कलेक्टर उइके ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**विजय मत, गरियाबंद**



कलेक्टर बी.एस. उइके ने आज पूर्वान्ह संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर के भूतल एवं प्रथम तल में स्थित कार्यालयों, सहायक आयुक्त कार्यालय, खाद्य शाखा, खनिज, रेशम, सांख्यिकी, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, आबकारी, शिक्षा, निर्वाचन, समग्र शिक्षा, श्रम विभाग, व्यापार एवं उद्योग, समाज कल्याण, स्थापना, नाजिर शाखा, जनसंपर्क, खेल, निर्वाचन, राजस्व, आवक-जावक, जिला कोषालय, भू-अभिलेख शाखा सहित परिसर में संचालित अन्य कार्यालयों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालयों में जाकर अधिकारी - कर्मचारियों की उपस्थिति, रिकॉर्ड संधारण एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर उइके कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया।

उन्होंने सभी कार्यालयों में निर्धारित समय पर पहुंचकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को दिये। साथ ही कार्यालय परिसर को स्वच्छ रखने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर द्वारा निरीक्षण के दौरान कुछ अधिकारी- कर्मचारी कार्यालयीन समय में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिलने पर गहरी नाराजगी जाहिर की।

**खास-खबर**

कार्यक्रम के आरंभ में तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुए वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित किया

# एक पेड़ मां के नाम- स्काउट्स एवं गाइड्स जिला कोरिया ने किया वृहद वृक्षारोपण

**विजय मत, कोरिया**



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया तथा वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में श्एक पेड़ मां के नामश थीम पर आधारित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल एवं राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के आह्वान पर किया गया।

इस गरिमामयी आयोजन में कलेक्टर चंदन त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, वनमंडलाधिकारी चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेसी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि कलेक्टर त्रिपाठी ने स्काउट-गाइड्स एवं जनता को पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं देखभाल की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने बाल विवाह, प्रेम-प्रसंग के नाम पर मानव तस्करी और महिलाओं के लैंगिक शोषण जैसे गंभीर विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए स्काउट्स-गाइड्स से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने उपस्थित जनसमुदाय को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा तथा पास्को एक्ट जैसे सामाजिक विषयों पर जागरूक किया।

कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय घुघरा के प्रांगण में हुआ, जिसकी अगुवाई जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी तथा पदेन जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता ने की। कार्यक्रम के आरंभ में तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुए वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित किया।

वृक्षारोपण में जुटे स्काउट्स, गाइड्स और अधिकारी इस अवसर पर लगभग 200 पौधों, जिनमें फलदार, औषधीय एवं छायादार वृक्ष शामिल थे, का रोपण किया गया। वृक्षारोपण में स्काउट्स एवं गाइड्स के साथ-साथ वन विभाग के कर्मचारियों, स्कूल स्टाफ, एवं अधिकारीगणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेंद्र कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों, स्काउट्स- गाइड्स, शिक्षकगण एवं छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मोर गांव, मोर पानी विशेष अभियान : जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन पर जोर

**विजय मत, कांकेर**



छत्तीसगढ़ शासन के निदेर्शानुसार जिले में मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत जल संरक्षण और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जल संवर्धन के लिए विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। इसके तहत जिले के हर ग्राम पंचायतों में यह अभियान प्रारंभ हो चुका है, जो 10 जुलाई तक चलाया जाएगा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी द्वारा बताया गया कि इस महाभियान के तहत कई महत्वपूर्ण गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है तथा ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रमदान व जनसहयोग के माध्यम से विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत सामुदायिक स्थानों और निजी हितग्राहियों के लिए सोकपिट का निर्माण, सामुदायिक और प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के लिए वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण, सामुदायिक स्थलों, अमृत सरोवरों और प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के यहां वृक्षारोपण किया जा रहा है। इन कार्यों की योजना बनाने और कार्यान्वयन में आधुनिक जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसकी मदद से रिज टू वैली (पहाड़ी से घाटी तक) सिद्धांत पर आधारित स्ट्रक्चर्स की प्लानिंग की गई है।

### मेडिकल कॉलेज मान्यता घूसकांडः सीबीआई को मिले अहम सुराग

# कोर्ट ने 3 डॉक्टर समेत 6 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**विजय मत, रायपुर**

सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च की मान्यता दिलाने के नाम पर किये गए करोड़ों रुपये के घूसकांड में सोमवार को बड़ी कार्रवाई हुई। इस मामले में गिरफ्तार किए गए तीन डॉक्टरों समेत कुल छह आरोपियों को रिमांड खत्म होने पर रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब ये सभी आरोपी 21 जुलाई तक जेल में रहेंगे। बता दें कि जिन आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया गया, उनमें डॉ. मंजुप्पा सी.एन., डॉ. चैत्रा (एमएस), डॉ. अशोक शेलके, रावतपुरा सरकार के निदेशक अतुल कुमार, सतीश और रविचंद्र शामिल हैं।

## क्या है पूरा मामला?

मेडिकल कॉलेज मान्यता भ्रष्टाचारः छह नहीं 36 को सीबीआई ने बनाया है आरोपी, रावतपुर मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ संस्थान के चेयरमैन और डायरेक्टर भी शामिल जानकारी के अनुसार, कॉलेज की मान्यता के नाम पर पहले भी 1 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि की डील हुई थी, जिसकी शिकायत 2024 में की गई थी। इसके बाद अब 55 लाख रुपये के लेन-देन का मामला सामने आया है। बेंगलुरु के दो डॉक्टरों के पास हवाला के जरिए पैसा पहुंचा था। रविंद्र और सतीश ने केवल पैसा हासिल किया था। सीबीआई द्वारा अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों में बताया गया कि अध्यक्ष रविशंकर जी महाराज के कहने पर रावतपुरा सरकार आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान आगामी आधिकारिक निरीक्षण के बारे में गोपनीय और अग्रिम जानकारी प्राप्त करने की साजिश में शामिल था। इसके लिए संस्थान के निदेशक अतुल कुमार तिवारी ने गीतांजलि विश्वविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान के रजिस्ट्रार मयूर रावल के साथ मिलीभगत करके गैरकानूनी तरीके से ऐसी विशेषाधिकार प्राप्त जानकारी हासिल करने की कोशिश की। यह भी आरोप लगाया गया है कि मयूर रावल ने गोपनीय निरीक्षण से संबंधित विवरण का खुलासा करने के बदले में 25-30 लाख रुपये की रिश्वत मांगी। 26 जून 2025 को रावल ने तिवारी को 30 जून 2025 को निर्धारित निरीक्षण की तैयारी करने के लिए सूचित किया था। इसके अलावा रावल ने तिवारी को नामित निरीक्षण दल के सदस्यों के नाम भी बता दिए, जिससे आधिकारिक गोपनीयता भंग हुई और इस तरह के निरीक्षणों को नियंत्रित करने वाले वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन हुआ।



### सीबीआई ने रिमांड बढ़ाने का आवेदन नहीं किया

सीबीआई ने पूछताछ के लिए किसी भी आरोपी की रिमांड बढ़ाने की मांग नहीं की, जिसके बाद कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सूत्रों के अनुसार, उइक को पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं, जो इस घोटाले की जड़ों तक पहुंचने में मददगार साबित हो सकते हैं।

### कई और बड़ी गिरफ्तारियों की संभावना

सीबीआई सूत्रों का कहना है कि इस मामले में आने वाले दिनों में कई और प्रभावशाली लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। मेडिकल कॉलेज की मान्यता दिलाने के लिए कथित तौर पर करोड़ों रुपये की रिश्वत दी गई थी, जिसकी कड़ियाँ अब धीरे-धीरे खुलती जा रही हैं।

## युवक ने लगाई फांसी, मरने से पहले लिखा सुसाइड नोट

**विजय मत, रायगढ़।** जिला में एक युवक ने घर के किचन में फांसी लगा कर अपनी जान दे दी। साथ ही उसने मरने से पहले सुसाइड नोट भी लिखा। जिसमें उसने मौत का कारण किसी को नहीं बताया है। मामले में पुलिस आगे की जांच में जूट गई है। घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर 6 निवासी शुभम पंकज 32 साल अपनी मां व परिवार के साथ रहता था। रविवार की शाम को अज्ञात कारण से उसने घर के किचन में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। कुछ देर बाद जब इसकी जानकारी जब परिजनों को लगी, तो उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजवाया। वहीं उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें लिखा है कि मैं शुभम पंकज पिता शिवचंद पंकज अपने पूरे होशों हवास में आत्महत्या करने ज रहा हूं तथा मैं यह चाहता हूं कि इसका दोषी किसी अन्य को करार नहीं किया जाये इसका पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं कि होगी।



### छत्तीसगढ़ में जवानों को बड़ी सफलता

# मुठभेड़ में नक्सलियों का स्नाइपर-डिप्टी कमांडर ढेर, 8 लाख का इनामी था सोढ़ी

**विजय मत, बीजापुर**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर-दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र नेशनल पार्क एरिया में जवानों ने मुठभेड़ में बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात नक्सली स्नाइपर-डिप्टी कमांडर सोढ़ी कन्ना को मार गिराया। ढेर किए गए नक्सली पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित था और वह टेकलगुड़ियम क्षेत्र में एक्टिव था। मौके से 303 रायफल, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री एवं नक्सल संबंधी अन्य सामान भी बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ, कोबरा 202, कोबरा 210 एवं सीआरपीएफ यंग प्लाटून की संयुक्त टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तेलंगाना राज्य समिति, नेपाए, पीजीएलए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) बटालियन नंबर 1 और नक्सलियों की नेशनल पार्क क्षेत्र में मौजूदगी की सूचना मिली। संयुक्त बलों ने 4 जुलाई को माओवादी उपस्थिति की पुष्टि के बाद अभियान शुरू किया। एंटी नक्सल ऑपरेशन 4 जुलाई से शुरू हुआ, इस दौरान पुलिस बल और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ होती रही. मुठभेड़ में क्षेत्र की तलाशी के दौरान मुठभेड़ स्थल से एक सशस्त्र वदीर्धारी माओवादी का शव बरामद हुआ। जिसकी पहचान सोढ़ी कन्ना के रूप में हुई है, जो PLGA बटालियन नंबर 01 की कंपनी नंबर 02 का डिप्टी कमांडर था। उस पर सरकार ने 8 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। वहीं एक 303 रायफल, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और नक्सल संबंधी अन्य सामान भी बरामद किया गया।




### कौन था नक्सलियों का स्नाइपर सोढ़ी

नेशनल पार्क एरिया में ढेर नक्सली सोढ़ी कन्ना टेकलगुड़ियम क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों, धरमारम कैंप पर हमले समेत कई बड़ी वारदातों में शामिल रहा है। वह सीसीएम माड़वी हिडमा का सहयोगी था और बटालियन में स्नाइपर के रूप में कार्यरत था।

### क्या-क्या हुआ बरामद ?

नेशनल पार्क क्षेत्र की मुठभेड़ में जवानों ने नक्सलियों के डिप्टी कमांडर सोढ़ी कन्ना को ढेर कर बड़ी सफलता हासिल की। सर्च के दौरान मौके से 1 नग 303 रायफल और 5 जिंदा कारतूस, एके-47 का मैग्जीन और 59 नग जीवित राउंड, माओवादी वर्दी, कोडेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, नक्सली पिट्ठू, नक्सली साहित्य, रेडियो एयर अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुआ है।

# सागौन-चिरान के 75 नग लकड़ी जब्त, वन विभाग ने की कार्रवाई

**विजय मत, बारनवापारा**

वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार राज्य में वन अपराधों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बारनवापारा परियोजना मंडल, रायपुर के अंतर्गत आरंग परिक्षेत्र के ग्राम मालीडीह में एक बड़ी कार्रवाई की गई है। मंडल प्रबंधक बारनवापारा परियोजना मंडल ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उपमंडल प्रबंधक महासमुंद द्वारा सर्च वारंट जारी किया गया था। जिसके तहत आज वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मालीडीह गांव में छापामार कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान एक आरोपी के कब्जे से सागौन चिरान के 75 नग लकड़ी, मात्रा 0.418 घन मीटर बरामद की गई। पूछताछ के दौरान जब आरोपी से लकड़ी के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। यह कार्रवाई वनपाल एच.आर. पैकरा, उड़नदस्ता प्रभारी ए.के. खुमरी, उपक्षेत्रपाल लोकेश साहू, लोचन साहू, के.के. पटेल, कोमल सिंह मरकाम, दीपा पटेल, चंद्रहास साहू, क्षेत्र रक्षक होमलता मंडावी एवं चौकीदारों के साथ-साथ तुमगांव थाने की पुलिस टीम की उपस्थित थी। अवैध लकड़ी की कीमत लगभग 70 हजार रुपये आँकी गई है। जप्त की गई सागौन चिरान को कोडार डिपो भेजा गया है और आरोपी के विरुद्ध भारतीय काष्ठ चिरान वन अधिनियम के तहत पी.ओ.आर. क्रमांक 37/11, दिनांक 06/07/2025 के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है।



## बीएसपी में जर्जर स्ट्रक्चर गिरा, बाल-बाल बचे कर्मचारी

**विजय मत, दुर्ग।** भिलाई स्टील प्लांट में आज उस समय हड़कंप मच गया जब कोक ओवन बैटरी 5-6 का जर्जर स्ट्रक्चर अचानक ढह गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन संयंत्र की सुरक्षा व्यवस्थाओं और मेंटेनेंस को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि स्ट्रक्चर के नीचे आमतौर पर कर्मचारियों की आवाजाही होती है, लेकिन हादसे के वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद संयंत्र प्रबंधन ने मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया है। वहीं बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं।



## पति के काम पर जाते ही महिला के साथ रेप, आरोपी गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां एक महिला के साथ उसके घर में घुसकर दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने पानी मांगने के बहाने पहले महिला के घर में प्रवेश किया और फिर सुनसान माहौल का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी बीते कुछ दिनों से महिला के घर की रेकी कर रहा था। घटना वाले दिन जैसे ही महिला का पति किसी काम से बाहर गया आरोपी ने मौका पाकर महिला को अकेली देख घर में घुसकर दुष्कर्म किया। वारदात के समय मोहल्ला भी सुनसान था जिसका आरोपी ने पूरा फायदा उठाया। पीड़िता की शिकायत पर आरंग थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला बेहद गंभीर है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# युवक की चाकू से हत्या कर फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विजय मत, कोंडागांव**

**कोंडागांव।** युवक की हत्या कर फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विजय कोर्राम के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। त्रिकोणीय प्रेम संबंध पर वारदात को अंजाम दिया गया था.मामला 24 जून 2025 का है। ग्राम मसीही निवासी विजय कोर्राम ने अपने दोस्त मुकेश यादव की निर्मम हत्या कर दी थी। विजय और मुकेश दोनों पिछले 5-6 वर्षों से गहरे दोस्त थे, लेकिन विजय को यह बात नागवार गुजरी कि मुकेश, दिनेश्वरी नामक युवती के साथ रिश्ते में आ गया है, जिससे विजय भी प्रेम करता था। पुलिस जांच में सामने आया है कि दिनेश्वरी के घर के बाहर जब मुकेश और दिनेश्वरी एक साथ मौजूद थे, तभी विजय वहां पहुंचा और मुकेश पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। घटना के बाद विजय लगातार अपना लोकेशन बदलते हुए पुलिस को चकमा दे रहा था। कोम्बिंग टीम की मदद से और साइबर सेल की निगरानी के चलते अंततः आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में विजय कोर्राम ने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि वह दिनेश्वरी यादव से प्रेम करता था।



## बेटे-बहू की मौत पर सड़क में बिखलते परिजन, ट्रक ने कुचला

**विजय मत, भिलाई।** फोरलेन पर रात 10 बजे सड़क हादसे में नव दंपति की दर्दनाक मौत हो गई स्कूटी पर सवार नव दंपति अपनी मौसी के घर से निकालकर कोहका अपने घर जा रहे थे की दुर्ग की ओर जाने वाले ओवर ब्रिज नाला के समीप पावर हाउस ओवर ब्रिज के पास आईटीआई के पहले रायपुर से दुर्ग की ओर जा रही है ट्रक ने स्कूटी सवार को पीछे से ठोकर मार कर कुचल दिया और भाग खड़ा हुआ। कोहका निवासी मुकेश कुर्रे 28 साल एवं उसकी धर्मपत्नी कमलेश्वरी कुर्रे 26 साल की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई नवदम्पत्ति की 2 महीने पहले ही विवाह हुआ था घटनास्थल खुसीपार थाना क्षेत्र का बताया जाता है।





## छत्तीसगढ़ की तीन महिलाओं की शहडोल हादसे में मौत

**विजय मत, रायपुर/शहडोल।** मध्यप्रदेश में रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। तेज रफ्त्रेतार वाहनों के अनियंत्रित होने से रोज रोज सड़क हादसे हो रहे हैं। ताजा मामला प्रदेश के शहडोल जिले का है जहां भीषण सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई 4 लोग गंभीर रूप से घायल है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सभी मृतक छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। दरअसल घटना शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा की है। अयोध्या दर्शन कर लौट रहे परिवार का वाहन पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। चार लोगों की हालत गंभीर है। गंभीर लोगों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल ब्यौहारी के डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर कर दिया है। मृतकों में गायत्री कवर 55, मालती पटेल 50 एवं इंदिरा बाई शामिल है। सभी छत्तीसगढ़ की रहने वाली और अयोध्या दर्शन कर लौट रहीं थीं। बताया जाता है कि तूफान वाहन में कुल 20 लोग सवार थे।

# जुआ खेल रहे 6 जुआरी को गंज पुलिस ने पकड़ा



**विजय मत, रायपुर**

गंज इलाके में 6 जुआरी गिरफ्तार किए गए है, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत अरिहंत कॉम्पलेक्स के पास कुछ व्यक्ति ताशपत्ती से रूपयों का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान में जाकर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान जुआ खेलते 06 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 43,400/-रुपए एवं ताशपत्ती जप्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना गंज में अपराध क्रमांक 168/25 धारा 3(2) छत्तीसगढ राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपी नरेश मिश्रा, प्रीतम साह, कृष्ण शर्मा धीरज कुमार साहू, तुलसी देवांगन, तरुण देवांगन निवासी प्रेम नगर थाना गुढ़ियारी रायपुर।

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल के करीबी के.के. श्रीवास्तव को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

**विजय मत, रायपुर**

स्मार्ट सिटी और नवा रायपुर के प्रोजेक्ट में 500 करोड़ का काम दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ की ठगी करने वाले पूर्व सीएम भूपेश बघेल के करीबी केके श्रीवास्तव की 12 दिन की पुलिस रिमांड समाप्त हो गई है। रिमांड खत्म होने के बाद सोमवार को उन्हें तेलीबांधा थाना पुलिस ने सीजेएम कोर्ट रायपुर में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने कोर्ट में दोबारा रिमांड की मांग नहीं की। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं, जिनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि के.के. श्रीवास्तव की पहचान न केवल एक रसूखदार शख्स के तौर पर रही है, बल्कि कांग्रेस सरकार के दौरान वे तंत्र-मंत्र और पूजा-पाठ के माध्यम से सत्ता के गलियारों में गहरी पैठ बनाए हुए थे। सूत्रों के मुताबिक, तत्कालीन सत्ताधारी नेता भी उनसे तांत्रिक क्रियाएं कराने बिलासपुर जाया करते थे।



### क्या है मामला?

के.के. श्रीवास्तव पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी रावत एसोसिएट्स के मालिक अशोक रावत से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में 500 करोड़ रुपये का ठेका दिलवाने के नाम पर करीब 15 करोड़ रुपये की ठगी की। जब ठेका नहीं मिला तो आरोपी ने पैसे लौटाने का वादा किया, लेकिन बाद में दिए गए तीनों चेक बाउंस हो गए। जांच में यह भी सामने आया कि श्रीवास्तव और उनके बेटे कंचन श्रीवास्तव के खातों में करीब 300 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है। यह रकम फर्जी कंपनियों और ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के नाम पर खोले गए खातों में ट्रांसफर की गई। मामला आयकर विभाग को जांच के लिए सौंपा गया है।

## शिक्षिका की पिटाई से छात्र हुआ बहरा हॉस्पिटल में भर्ती

**विजय मत, डोंगरगढ़।** खालसा पब्लिक स्कूल में कक्षा 7वीं में पढ़ने वाले 13 वर्षीय छात्र सार्थक सहारे की ज़िंदगी एक मामूली सी घटना ने बदल दी। घटना 2 जुलाई की है, जब एसएसटी की क्लास में पढ़ाई के दौरान शिक्षिका की बात को ठीक से न सुन पाने पर छात्र को कई थप्पड़ मारे गए। एक थप्पड़ इतना जोरदार था कि उसकी सुनने की शक्ति ही चली गई। मामले में परिजनों ने अब विकासखंड शिक्षा अधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार, जब सार्थक स्कूल से घर लौटा, तो उसने कहा, मम्मी, अब ठीक से सुनाई नहीं दे रहा। घबराए परिजन उसे तुरंत डोंगरगढ़ अस्पताल ले गए। लेकिन जब कोई सुधार नहीं हुआ, तो उसे राजनांदगांव और फिर रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब तक सुनने की समस्या बनी हुई है और डॉक्टरों का कहना है कि इलाज लंबा चलेगा।



# चाचा ने भतीजी के साथ की रेप कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा

**विजय मत, जगदलपुर**

अपनी भतीजी से अनाचार करने वाले चाचा को जिला व सत्र न्यायालय के विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सजा सुनाई है। पीठासीन अधिकारी वंदना वर्मा ने आरोपित को 10 साल का सश्रम कारावास और 1000 रुपये का अर्थ दंड, अर्थ दंड नहीं पटाने पर तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास से दंडित किया है। पीड़िता और उसके पति ग्राम पखनार के एक मरनी कार्यक्रम पर गए हुए थे वहां से लौटते समय अपने रिश्ते के चाचा आरोपित राजू उर्फ मंगल कुंजाम के घर पर रुके थे। रात में भोजन के बाद जब पीड़िता गहरी नींद में थी, तब उस समय उसके रिश्ते का चाचा आरोपित राजू उर्फ मंगल कुंजाम उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता ने थाना कोड़ेनार में घटना की मौखिक शिकायत की। इसके आधार पर थाना कोड़ेनार में छह अगस्त 2024 को मामला पंजीबद्ध कर आरोपित को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश एफसी न्यायालय के पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश वंदना वर्मा ने आरोपित को सजा सुनाई। छत्तीसगढ़ में इससे पहले दंतेवाड़ा जिले के फरसपाल थाना क्षेत्र में 3 वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया था। यहां पड़ोस में रहने वाले 14 वर्षीय नाबालिग ने इस दुष्कर्म को अंजाम दिया। दुष्कर्म के बाद बच्ची को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां बच्ची को उपचार के बाद गुरुवार शाम पीड़ित को डिस्चार्ज कर दिया गया। पुलिस से जानकारी के अनुसार घटना 13 मई की है। दुष्कर्म करने वाले नाबालिग ने अपने पड़ोसी के घर में रहने वाली मासूम बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया। घटना उस समय हुई, जब बच्ची के माता-पिता विवाह समारोह में गए थे।



# साव की पहल पर अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए 1.23 करोड़ मंजूर

- कई गांवों में बनेंगे सीसी रोड, रंगमंच, अटल सदभावना भवन, सामुदायिक भवन, शेड और नाली

**विजय मत, रायपुर**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव की पहल पर पंचायत संचालनालय ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड में विभिन्न कार्यों के लिए एक करोड़ 23 लाख रुपए से अधिक की राशि मंजूर की है। इस राशि से क्षेत्र में सीसी रोड, रंगमंच, अटल सदभावना भवन, सामुदायिक भवन, शेड और नाली निर्माण जैसे अधोसंरचना विकास के 18 कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत लोरमी के विभिन्न गांवों में नौ सीसी रोड, तीन रंगमंच भवन, दो अटल सदभावना भवन, दो सामुदायिक भवन तथा शेड निर्माण व नाली निर्माण के एक-एक कार्यों की मंजूरी दी गई है।

योजना के तहत सीसी रोड निर्माण के नौ कार्यों के लिए कुल 57 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।



इस राशि से लोरमी विकासखंड के नवरंगपुर, बांधा, बागमार, रजपालपुर, भालूखोंदरा, चिखलदाह, सिंघनपुरी, खुडि?ा और डुडवा डोंगरी में सीसी रोड बनाए जाएंगे। पंचायत संचालनालय द्वारा झाफल, बिराजकछार और बोईरपारा में रंगमंचों के निर्माण के लिए कुल 15 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत सुरही और झलरी में अटल सदभावना भवनों के लिए कुल 20 लाख रुपए तथा राम्हेपुर (जे) और भूतकछार में सामुदायिक भवनों के लिए कुल 13 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। साल्हेघोरी में शेड निर्माण के लिए दस लाख रुपए और गातापार में नाली निर्माण के लिए भी सात लाख 88 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है।

# कांकेर में पिछले पांच दिनों में तीसरी बार शिवनगर पहाड़ पर दिखा वन्य प्राणी तेंदुआ

**विजय मत, कांकेर**

शिवनगर पहाड़ पर वन्य प्राणी तेंदुआ देखा गया। तेंदुए ने रात के समय दो मुर्गियों का शिकार किया और सुबह पहाड़ पर घूमता नजर आया। विदित हो कि कांकेर के शहरी इलाकों में पांच दिन में तेंदुआ तीसरी बार देखा गया है, यानी 1 जुलाई को भी तेंदुआ कांकेर के इमलीपारा क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दिखाई दिया था। उस समय तेंदुए ने एक बछड़े का शिकार किया था। वहीं पास के कोडेजूंगा गांव में 2 जुलाई को



कई आवारा कुत्ते अचानक गायब हो गए। गांव वालों को शक है कि तेंदुए ने ही उन्हें शिकार बनाया है। तेंदुए के बार-बार दिखाई देने से आस-पास के गांवों में डर का माहौल है। पिछले कुछ महीनों में कांकेर और उसके आस-पास तेंदुओं की मौजूदगी बढ़ गई है।

कांकेर जिले के शहरी इलाकों में तेंदुए की मौजूदगी को लेकर दहशत व्याप्त है। एक जुलाई को जिस इलाके में तेंदुए ने गाय को जिंदा मारकर खाया था, उसी इलाके से लगे कोडेजूंगा में 2 जुलाई को कुछ आवारा कुत्ते गायब हुए हैं। यहां के रहवासी को आंशका है कि तेंदुए ही कुत्तों को शिकार बना रहा है। तेंदुओं की बढ़ती आबादी से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

## सार समाचार

### 10वी और 12 वीं के 155 होनहार विद्यार्थियों का अग्रवाल समाज ने किया सम्मान



**रायपुर (विजय मत)।** अग्रवाल सभा की युवा इकाई अग्रवाल युवा मण्डल द्वारा आंजनेय विश्वविद्यालय के सहयोग से अग्रसेन धाम में समाज के 10वी और 12 वीं के 155 होनहार विद्यार्थियों को जिन्होंने 75 से अधिक अंक प्राप्त किया था उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाने के साथ ही उन्हें मोटीवेशन भी किया।

मुख्य वक्ता के रूप में भिलाई की प्रसिद्ध कैरीअर काउन्सेलर और मोटिवेशन स्पीकर सविता सिंग ने इन बच्चों के साथ संवाद किया और उनका मार्गदर्शन बढ़ाया। मुख्य अतिथि विजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और लगन के साथ आगे बढ? की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी प्रतिभाएँ समाज का गौरव हैं और इनका सम्मान समाज को एक नई दिशा देता है। कार्यक्रम में युवामंडल अध्यक्ष राम अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए बच्चों को समाज से जुड? तथा सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सिर्फ उपलब्धियों का नहीं, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है।

### रावतपुरा मान्यता मामला : 6 आरोपी 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजे गए जेल



**रायपुर (विजय मत)।** रावतपुरा सरकार मेडिकल यूनिवर्सिटी मान्यता प्रकरण में सोमवार को सीबीआई की गिरफ्त में आए 6 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। सीबीआई ने किसी एक को और भी रिमांड पर नहीं मांगा है।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने 1 जुलाई को टीम ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया था। जिनमें से 3 मान्यता देने के बदले 55 लाख की रिश्वत लेने वाले आरोपी डॉक्टर थे। वहीं अब सीबीआई ने अन्य 35 लोगों को आरोपी बनाया है, अभी 29 लोगों की तलाश जारी है।

### लोधेशवरधाम में सावन झूला उत्सव और वृक्षारोपण 13 जुलाई को

**रायपुर (विजय मत)।** सावन माह के अवसर पर लोधेशवरधाम लोधी क्षत्रिय समाज रायपुर छत्तीसगढ के तत्वावधान में सावन उत्सव का आयोजन 13 जुलाई को प्रातः 11 बजे 2 बजे तक किया गया है। इस दौरान लोधेशवरधाम के परिसर में वृक्षारोपण भी किया जायेगा। छत्तीसगढ राज्य बनने के समय से निरंतर 24 वर्षो से सामाजिक कार्य करते आ रहे है और लोधेशवरधाम मे विगत 3 वर्षो से रोपे पौधे अब वृक्ष का आकार ले रहा है। इस अवसर पर लोधी समाज की महिला मानस मंडली द्वारा लोधेशवर भगवान की अमृतवाणी भजन प्रस्तुत की जायेगी। इस अवसर पर समाज सभी आगंतुक लोगों को हरा रंग के वेशभूषा में आना अनिवार्य होगा।

### देश और प्रदेश के किसानों ने कांग्रेस को हर चुनाव में सबक सिखाया

# ऑपरेशन सिंदूर को छिटपुट घटना बताने वाले खडगे को जवानों का नाम लेने का हक नहीं: केदार कश्यप

- आपातकाल थोपने और राज्य सरकारों को बर्खास्त करने वाली कांग्रेस संविधान की बात किस मुंह से करती है

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ के वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि किसानों व जवानों के आत्मसम्मान और संविधान की आत्मा को लहूलुहान करने वाली कांग्रेस आज उनके नाम पर राजनीतिक पाखण्ड का शर्मनाक प्रदर्शन कर रही है। श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस की राजधानी में किसान-जवान-संविधान जनसभा कांग्रेस के मिथ्या प्रलाप की एक नई सियासी कवायद से ज्यादा कुछ नहीं है।

प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट को यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि अपने शासनकाल में कांग्रेस की भूपेश-सरकार ने हर कदम पर न केवल किसानों के साथ छलावा किया, अपितु किसानों के आत्मसम्मान को कुचलने में भी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने वादा करके भी किसानों को दो साल



का बकाया बोनस नहीं दिया, धान खरीदी का पैसा किसानों को चार-चार किश्तों में 'खानदान' की चाटुकारिता करते हुए रुला-रुलाकर दिया, धान खरीदी के लिए बारदाना तक पर्याप्त संख्या में भूपेश सरकार मुहैया नहीं करा रही थी। जिस भूपेश-सरकार का पूरा कार्यकाल किसानों की आत्महत्या के कलंक से भरा हो, वह कांग्रेस आज किस मुँह से किसानों के नाम पर प्रलाप कर रही है? श्री कश्यप ने कहा कि केंद्र में भी जब तक कांग्रेस की सरकार रही, किसानों के लिए 55 सालों में एक भी कल्याणकारी काम नहीं किया, जबकि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों को उचित समर्थन मूल्य दे रही है, फसल बीमा योजना दे रही है, किसान सम्मन निधि दे रही है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर हर किसान से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान खरीद रही है और धान की राशि एकमुश्त किसानों के खाते में जमा हो रही है। कश्यप ने कहा कि जो खडगे ऑपरेशन सिंदूर को छिटपुट ऑपरेशन बताकर सेना का मनोबल तोड़ने का काम करते हैं, जिनके नेतृत्व वाली कांग्रेस एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगती रही हो, नक्सलियों के समर्थन में बयान देती है, वो जवान की क्या बात करेंगे? श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने हर कदम पर देश और प्रदेश में जवानों का मनोबल हमेशा कम करने का काम किया है। प्रदेश में नक्सलबाद का खात्मा हो रहा है, जवान लड़ रहे हैं तब कांग्रेस एक तरफ नक्सलियों से अपना भाईचारा निभा रही है, वहीं दूसरी ओर जवानों का मनोबल गिराने का काम कर रही है। देश में सीमाओं की सुरक्षा और देश के स्वाभिमान के लिए लड़ रहे जवानों के प्रति कांग्रेस के लोगों की स्तरहीन टिप्पणियाँ देश भूला नहीं है।

### डिप्टी सीएम शर्मा ने कांग्रेस पर कसा तंज कहा - मुझे खरगे जी के मोबाइल की चिंता



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं. वे राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित किसान, जवान, संविधान सभा को संबोधित करेंगे. इस कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, मुझे खरगे जी के मोबाइल की चिंता है. प्रशिक्षण शिविर को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, तीन दिन तक भाजपा का प्रशिक्षण शिविर है. मूल्यवान, सिस्टोमेटिक तरह से प्रशिक्षण होगा इसलिए सभी को प्रशिक्षण में रहने की इच्छा रहती है. प्रशिक्षण शिविर पर कांग्रेस के तंज पर डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा, भाजपा मानती है कि जीवनभर अभ्यास की जरूरत होती है. कोई अगर सर्व ज्ञाता हो गया हो तो अलग बात है. बता दें कि हाल ही में छत्तीसगढ़ ठरवककी प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में चल रही थी. इसी दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज कुछ देर के लिए बैठक हॉल से बाहर मीडिया से बातचीत करने निकले थे.

# आदिवासी अंचलों में बेटियों के सशक्तिकरण की नई इबारत



**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल मोहला-मानुपर-अम्बागढ़- चौकी जिले में बेटियों के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के सभी 29 सेक्टर मुख्यालयों में आयोजित धरती आबा संतृप्ति शिविरों के माध्यम से कुल 350 आदिवासी बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए। यह पहल जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से साकार हुई।

जिला कलेक्टर ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत अब तक जिले में 7500 से अधिक बालिकाओं के सुकन्या खाते खोले जा चुके हैं, जो बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का ठोस प्रमाण है। विशेष बात यह रही कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता राशि को कई माताओं ने अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सुकन्या खाते में प्रारंभिक निवेश के रूप में उपयोग किया। अधिकारियों ने बताया कि यह सिर्फ खाता खोलने की औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह बेटियों को लेकर सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में प्रभावशाली पहल है। हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र बालिका इस योजना से वंचित न रहे। इस पहल से न केवल जनजातीय समुदाय में बेटियों के भविष्य को लेकर जागरूकता बढ़ी है, बल्कि यह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे राष्ट्रीय अभियानों को स्थानीय स्तर पर सशक्त आधार भी प्रदान कर रही है। सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का यह उत्कृष्ट उदाहरण आने वाले समय में अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायक मॉडल बन सकता है। यह पहल यह दर्शाती है कि जब प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जनभागीदारी मिलती है, तो विकास की किरणें समाज के सबसे दूरस्थ हिस्सों तक भी पहुंचती हैं।

# कैंसर पीड़ित बच्चे को दी गई कीमोथेरेपी

- नई शुरूआत की ओर एक और कदम नवापारा यूसीएचसी

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के स्वास्थ्य सेवा विस्तार के विजन को साकार करते हुए, अंबिकापुर जिले के नवापारा स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (यूसीएचसी) ने कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। शुक्रवार को नवापारा यूसीएचसी में न्यूरोब्लास्टोमा से पीड़ित एक मासूम बच्चे को सफलतापूर्वक कीमोथेरेपी की चौथी साइकिल दी गई। यह पहली बार है जब नवापारा सीएचसी में किसी बाल कैंसर मरीज को कीमोथेरेपी दी गई है, जो राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में एक



महत्वपूर्ण कदम है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों को कीमोथेरेपी देना दुर्लभ माना जाता था, जिसके कारण कैंसर से पीड़ित बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पतालों या बड़े शहरों में भटकना पड़ता था। नवापारा यूसीएचसी ने इस पुरानी प्रथा को बदलते हुए एक नई मिसाल कायम की है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कैंसर से जूझ रहे बच्चों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके, जिससे उनके परिवारों पर यात्रा और आर्थिक बोझ कम हो।

इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी और ऑन्कोलॉजिस्ट ने कहा, यह सिर्फ इलाज नहीं है, बल्कि एक उम्मीद की शुरूआत है। पहले बच्चों को कीमोथेरेपी के लिए मेडिकल कॉलेज या बड़े अस्पताल भेजना पड़ता था, लेकिन अब हमने नवापारा सीएचसी में इस सुविधा की शुरूआत कर दी है। यह हमारी टीम की सामूहिक मेहनत और सेवा भाव का परिणाम है। इस सफल पहल के लिए पूरी चिकित्सा टीम जिसमें डॉक्टर्स, स्टाफ नर्स, तकनीशियन, और फार्मासिस्ट शामिल हैं, जिन्हे धन्यवाद दिया गया।

यह घोषणा की गई कि आने वाले समय में कैंसर मरीजों को यहां इलाज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

### 29 आरोपी आबकारी अधिकारियों को कोर्ट में पेश होने का नोटिस जारी

**रायपुर (विजय मत)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2174 करोड़ रुपये के शराब घोटाले मामले में 29 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (एडह) ने विशेष कोर्ट में करीब 2300 पन्नों का चालान पेश किया है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अब विशेष कोर्ट ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश होने का नोटिस जारी किया है।

बता दें कि शराब घोटाला मामले के सभी 29 आरोपियों का चालान कोर्ट में प्रस्तुत करने से पहले न्यायालय में पेश होने के लिए समन जारी किया गया था, लेकिन कोई भी आरोपी पेश नहीं हुए। इसके बाद अब एडह की विशेष कोर्ट ने सभी आरोपियों को नोटिस जारी कर 20 अगस्त को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है।

# सड़क पर कैमरे कर रहे निगरानी

## एचएसआरपी लगाते ही पहुंचने लगे चालान

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ के रायपुर में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाते ही वाहन चालकों को लगातार ऑनलाइन चालान पहुंच रहे हैं। पिछले दो महीने में करीब 1.50 हजार चालानी कार्रवाई की गई है। इसमें रॉन्ग, साइड, दोपहिया में तीन सवारी, बिना हेलमेट, सिग्नल जंप करने से लेकर तेज रतार से वाहन चलाना शामिल है।

यह कार्रवाई वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाते ही पहुंच रही है। इसके चलते दोपहिया से लेकर चार पहिया के मालिक चालान जमा करने के लिए ट्रैफिक थाना के चक्कर लगा रहे है। इसकी मुय जुमार्ना राशि 90 दिन के भीतर जमा नहीं करने पर ऑटोमेटिक कोर्ट चले जाने का डर सता रहा है। जबकि पिछले 5 महीनों से अभियान चलाने के बाद भी 50 फीसदी तक एचएसआरपी नहीं लगा पाई है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 1990 के पहले की वाहनों में अनिवार्य रूप से नए नंबर प्लेट लगाई जानी है। इसके लिए




परिवहन विभाग द्वारा दो कंपनियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह शहर के गली-मोहल्ले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीयन करने के साथ एचएसआरपी लगा रही है।

प्रदेश के 33 जिलों में ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों से रेकॉर्ड 1 जनवरी से 25 जून तक 470566 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। साथ ही उक्त वाहन मालिकों से करीब 16 करोड़ रुपए का का जुमार्ना वसूल कर चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा रायपुर जिले से 65000 से ज्यादा वाहन शामिल है। वहीं, सबसे कम नारायणपुर जिले में 970 वाहन शामिल है। बता दें कि यह कार्रवाई इसी अवधि में पिछले साल की अपेक्षा 25 फीसदी अधिक है।

# खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता, किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं

## केसीसी के जरिये किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की सुविधा

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार निश्चित रूप से एक किसान हितैषी सरकार है। राज्य शासन द्वारा किसानों के हित लाभ के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी जिला कलेक्टरों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किए है कि किसी भी जिले में किसानों के लिए खाद, बीज की कमी न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि समय पर इनकी उपलब्धता किसानों को



सुनिश्वित हो। सुदूर वनांचल के सुकमा जिले में भी खाद, बीज की पर्याप्त उपलब्धता के चलते अब किसानों को कोई भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। मानसून के दस्तक देते ही किसान अपनी खेती-किसानी में जूट जाते है साथ ही उसका पूरा परिवार भी इस कार्य से जुड़कर प्रकृति को संवारने लगते हैं।

खरीफ सत्र 2025-26 में अधिक से अधिक कृषकों को योजना का लाभ पहुँचाने का प्रयास जारी है। कृषि विभाग द्वारा कृषकों की आवश्यकताओं के अनुसार बीज का भण्डारण किया गया है। जिला विपणन अधिकारी द्वारा खाद की आपूर्ति की जा रही है। जिसका वितरण समितियों (लेम्पस) के द्वारा किया जा रहा है। जिले में 755.645 टन युरिया, 375.950 टन डीएपी,

# राज्य में पहली बार गले के नस की दुर्लभ सर्जरी

- 70 वर्षीय मरीज को मिली नई जिंदगी
- मरीज को थी लकवे और दृष्टिदोष की शिकायत

**विजय मत, रायपुर**

पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में एक दुर्लभ और जोखिमपूर्ण सर्जरी कर 70 वर्षीय मरीज की जान बचाई गई। मरीज के गले की नस कैरोटिड आर्टरी में 95 प्रतिशत ब्लॉकेज था, जिसे कैरोटिड एंडआर्टरेक्टॉमी नामक जटिल सर्जरी से सफलतापूर्वक हटाया गया। यह सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू एवं उनकी टीम द्वारा की गई। डॉ. साहू के अनुसार यह सर्जरी राज्य में इस प्रकार की प्रथम एवं अत्यंत दुर्लभ सर्जरी है।

बालाघाट निवासी 70 वर्षीय मरीज को पिछले दो वर्षों से बार-बार लकवा, चक्कर, एक आंख से धुंधला दिखना और सुनाई न देने जैसी समस्याएं हो रही थीं। प्रारंभिक जांच के बाद कैरोटिड सीटी एंजियोग्राफी कराई गई, जिसमें पता चला कि मरीज की दाहिनी कैरोटिड आर्टरी में 95



प्रतिशत से अधिक रुकावट थी। इससे मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति बाधित हो रही थी।

डॉ. के.के. साहू ने परिजनों को स्पष्ट किया कि इस सर्जरी में जान का खतरा हो सकता है, क्योंकि ऑपरेशन के दौरान यदि कोई भी प्लाक का टुकड़ा या हवा का बुलबुला मस्तिष्क में चला जाता तो मरीज ब्रेन डेड हो सकता था। इसके बावजूद मरीज एवं परिजनों ने ऑपरेशन की सहमति दी। सर्जरी के दौरान कैरोटिड शंट नामक विशेष उपकरण का प्रयोग किया गया ताकि मस्तिष्क में रक्त प्रवाह लगातार बना रहे।

### क्या होती है कैरोटिड आर्टरी और क्यों होता है ब्लॉकेज?

कैरोटिड आर्टरी वह मुख्य धमनी होती है जो गले से होते हुए मस्तिष्क तक रक्त पहुंचाती है। इसमें रुकावट का मुख्य कारण होता है — धूम्रपान, तंबाकू सेवन, अनियंत्रित डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल का जमा होना। 50 प्रतिशत तक ब्लॉकेज होने पर आमतौर पर लक्षण स्पष्ट नहीं होते, परंतु 70-80 प्रतिशत से अधिक ब्लॉकेज पर ट्रांजिएंट इस्केमिक अटैक (टीआईए) या छोटे स्ट्रोक जैसे लक्षण सामने आते हैं — जैसे अचानक एक आंख से दिखना बंद होना, मुंह टेढ़ा होना, बोलने में दिक्कत या संतुलन बिगडना।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक सीता शुक्ला। प्रधान संपादक विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997